

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,सोमवार 17 फरवरी 2025 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-318 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 फरवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# त्रिस्तरीय पंचायत चुनावः वोटरों में भारी उत्साह

**रायपुर,17 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान आज 53 विकासखंड में जारी है. स्थानीय सरकार चुनने मतदाताओं में भारी उत्साह है. सुबह से ही मतदान केंद्रों में वोटरों की लंबी कतारें लगी हुई ह मतदान करने महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े अलग ही अंदाज में नजर आई. मंत्री राजवाड़े अपने पति के साथ बाइक में बैठकर सूरजपुर ब्लॉक के अपने गृहग्राम वीरपुर के मतदान केंद्र पहुंचीं और आम मतदाताओं के साथ कतार में लगकर मतदान किया. उन्होंने पंचायतों में भी भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के जीत का दावा किया.

**धमतरी जिले में मतदान के लिए कतार में खड़ी महिला मतदाता**–त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में गांव में सरकार बनाने लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं. इस बीच आदिवासी विकासखंड डौंडी के अंतिम छोर में बसे गांव आमाडुला से सुखद तस्वीर सामने आई है. यहां मतदान करने 9 माह की गर्भवती जानकी पति पुरषोत्तम पहुंची और अपने मताधिकार का प्रयोग कर गांव की सरकार बनाने में हिस्सा लिया.

उन्होंने लोगों से भी चुनाव में मतदान करने अपील की. त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से हो रहा. बैलट पेपर का कलर जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी, जनपद पंचायत सदस्य के लिए



पीला, सरपंच के लिए नीला और पंच के लिए सफ़ेद रखा गया है. त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में 27 हज़ार 210 पंच, 3 हज़ार 605 सरपंच,911 जनपद सदस्य तथा 149 जिला पंचायत सदस्यों के लिए मतदान हो रहा.

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि प्रथम चरण में 17 फरवरी को राज्य के 53 विकासखण्डों में मतदान हो रहा. जिन विकासखण्डों के प्रथम चरण में मतदान हो रहा उसमें जिला बिलासपुर के विकासखण्ड मस्तुरी, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के विकासखण्ड गौरेला, जिला मुंगेली के विकासखण्ड मुंगेली, जिला जांजगीर-चांपा के विकासखण्ड बम्हनीडीह एवं अकलतरा, जिला सक्ती के विकासखण्ड जैजेपुर, जिला कोरबा के विकासखण्ड कोरबा एवं करतला, जिला रायगढ़ के विकासखण्ड रायगढ़ एवं पुसौर, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विकासखण्ड बरमकेला, जिला सूरजपुर के विकासखण्ड सूरजपुर एवं भैयाथान, जिला बलरामपुर के विकासखण्ड कुसमी, राजपुर तथा शकंरगढ़, जिला सरगुजा के विकासखण्ड अम्बिकापुर, लखनपुर तथा उदयपुर, जिला कोरिया के विकासखण्ड सोनहत, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के विकासखण्ड खड़गवां, जिला जशपुर के विकासखण्ड बगीचा शामिल है. इसी तरह जिला रायपुर के विकासखण्ड आरंग एवं अभनपुर, जिला बलौदाबाजार के विकासखण्ड भाटापारा एवं सिमगा, जिला गरियाबंद के विकासखण्ड गरियाबंद एवं मैनपुर, जिला महासमुन्द के विकासखण्ड बसना एवं सरायपाली, जिला धमतरी के विकासखण्ड धमतरी एवं मगरलोड, जिला बेमेतरा के विकासखण्ड बेमेतरा एवं नवागढ़, जिला दुर्ग के विकासखण्ड दुर्ग, जिला बालोद के विकासखण्ड डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी, जिला राजनांदगांव के विकासखण्ड राजनांदगांव, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के विकासखण्ड छुईखदान, जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के विकासखण्ड मानपुर, जिला कबीरधाम के विकासखण्ड कवर्धा एवं सहसपुर लोहारा, जिला कोण्डागांव के विकासखण्ड कोण्डागांव, जिला बस्तर के विकासखण्ड जगदलपुर एवं दरभा, जिला नारायणपुर के विकासखण्ड नारायणपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के विकासखण्ड कांकेर, चारामा एवं नरहपुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिला के दंतेवाड़ा एवं गीदम तथा जिला सुकमा के सुकमा एवं बीजापुर जिला के विकाखण्ड बीजापुर शामिल हैं.

## संक्षेप

### चुनाव हारने पर कांग्रेस प्रत्याशी ने भाजपा कार्यकर्ता के घर में जाकर गाली गलौज की

**दुर्ग,17 फरवरी।** नगरीय निकाय चुनाव का रिजल्ट आने के बाद दुर्ग में वार्ड 35 की कांग्रेस प्रत्याशी कन्या ढीमर ने भाजपा



कार्यकर्ता के घर जाकर जमकर बवाल काटा. इसका वीडियो भी सामने आया है. भाजपाइयों ने कांग्रेस प्रत्याशी कन्या पर जमकर गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया गया है. वहीं कन्या ढीमर ने भी प्रदीप सिंह पर गाली गलौज का आरोप लगाते हुए दुर्ग कोतवाली थाने में शिकायत की है. बता दें कि वार्ड 35 में भाजपा के प्रत्याशी कमल देवांगन ने जीत हासिल की है. भाजपा कार्यकर्ता प्रदीप सिंह अपने परिवार के साथ घर में था. इस दौरान वार्ड में भाजपा का प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस प्रत्याशी कन्या ढीमर ने प्रदीप के परिवार से गाली गलौज करते हुए पत्थर उठाकर मारने की कोशिश की. वहीं कन्या ढीमर ने भी प्रदीप सिंह पर गाली गलौज का आरोप लगाते हुए दुर्ग कोतवाली थाने में शिकायत की है. भाजपा कार्यकर्ता प्रदीप सिंह ने बताया कि बुरी तरह हार से कांग्रेस प्रत्याशी बौखला गई है. आज सुबह वो घर आई और उसके पूरे परिवार के साथ मारपीट और गाली-गलौज की. इसकी शिकायत कोतवाली थाना में करेंगे.

### मतदान दल को रोकने पर 10 के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बालोद,17 फरवरी।** डौंडी विकासखंड के धोतिमटोला में चुनाव से पहले तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई. पंचायत भवन को दूसरे गांव में स्थापित करने को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी थी. नाराज गांव वालों ने मतदान दल को पोलिंग बूथ तक जाने से रोक दिया था. अब मामले में पुलिस ने 10 से अधिक ग्रमीणों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है. जानकारी के मुताबिक, बालोद के ग्राम पंचायत धोतिमटोला में पंचायत भवन को दूसरे गांव दारुटोला में स्थापित किया जाना है. इसे लेकर स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी थी. जिसके बाद उन्होंने पहले तो मतदान दल को पोलिंग बूथ जाने से रोक दिया. तनावपूर्ण स्थिति के बाद पुलिस फोर्स ने ग्रामीणों को शांत कराने की कोशिश की. लेकिन देर रात ग्रामीणों ने पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारीयों के साथ विवाद करते रहे. पुलिस और स्थानीय प्रशासन की समझाइश के बाद भी ग्रामीणों ने हंगामा जारी रखा. अब हंगामा करने, पटवारी और कोटवार को बंधक बनाकर शासकीय कार्य में बाधा डालने के आरोप में 10 ग्रामीणों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज किया गया है. फिलहाल, मामले की जांच जारी है और सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया गया है ताकि चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके.

# सीसीटीवी में कैद हुआ दिल्ली भूकंप का हिला देने वाला नजारा

**नई दिल्ली,17 फरवरी।** दिल्ली-एनसीआर भूकंप÷ सोमवार को सुबह 4.0 तीव्रता का भूकंप दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों में आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, भूकंप का केंद्र नई दिल्ली में था और यह सोमवार सुबह 5.36 बजे 5 किलोमीटर की गहराई पर आया। एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप का केंद्र धौला कुआं में दुर्गाबाई देशमुख कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन के पास था। हालांकि, किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो से पता चलता है कि



यह एक उच्च तीव्रता वाला भूकंप था। सीसीटीवी वीडियो में छत पर लगे पानी के टैंक हिलते हुए दिखाई दे रहे हैं। उस क्षेत्र में, जिसके पास एक झील है, हर दो से तीन साल में एक बार छोटे, कम तीव्रता वाले भूकंप आते रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2015 में यहां 3.3 तीव्रता का भूकंप आया था। अधिकारी ने बताया कि भूकंप आने पर तेज आवाज भी सुनी गई। भूकंप के कारण आए तेज झटकों के कारण दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद की कई ऊंची इमारतों में रहने वाले लोग बाहर निकल आए। नोएडा सेक्टर 20 के ई ब्लॉक में सुबह की सैर पर निकली 50 साल की एक महिला ने कहा, हम लोग बाहर पार्क में टहल रहे थे तो पता नहीं चला। लेकिन काफी तेज था। लोग बाहर आ गए।÷ एक्स पर एक पोस्ट में दिल्ली पुलिस ने कहा, ÷हमें उम्मीद है कि आप सभी सुरक्षित होंगे, दिल्ली!÷ इसने नागरिकों से आपातकालीन स्थिति के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन 112 पर कॉल करने का भी आग्रह किया। आप नेता आतिशी ने एक्स पर कहा, दिल्ली में अभी-अभी तेज भूकंप आया है। मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि सभी सुरक्षित रहें। आतिशी की पोस्ट को फिर से शेयर करते हुए आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने कहा, मैं सभी की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करती हूं। एआईसीसी की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली में 10 मिनट पहले भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिससे हम नींद से जाग गए। मैं उम्मीद करती हूं और प्रार्थना करती हूं कि सभी सुरक्षित और स्वस्थ हों।

# कोरबा में एक साथ उठी 10 लोगों की अर्थी



**कोरबा,17 फरवरी।** प्रयागराज में बस और बोलेरों की टक्कर में छत्तीसगढ़ के 10 लोगों की मौत हो गई. सभी लोग महाकुंभ स्नान के लिए गए थे, तभी यह हादसा हुआ. 2 दिनों के बाद सभी मृतकों के 10 शव कोरबा पहुंचे. इस दौरान परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है. कोरबा में एक साथ सभी मृतकों की अंतिम यात्रा निकली गई. श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन सहित भाजपा और कांग्रेस के कई नेताओं ने मृतकों के परिवारों से मुलाकात कर दुख जताया. मंत्री देवांगन ने प्रत्येक मृतक के परिवार को एक-एक लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की. उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री से बातचीत कर अतिरिक्त सहायता का प्रयास किया जाएगा. साथ ही शासन की ओर से मिलने वाली नियमित सहायता राशि भी परिवारों को दी जाएगी. नवनिर्वाचित महापौर संजू देवी राजपूत भी मृतकों के घर पहुंची. उन्होंने घटनाक्रम की जानकारी लेकर मृतक के परिवारों को सहायता प्रदान करने की बात कही.

# नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेत्री अंजू जैन का निधन

**बलौदाबाजार,16 फरवरी।** नगर पालिका बलौदाबाजार की पूर्व अध्यक्ष अंजु जैन का लंबी बीमारी के बाद बीती रात रायपुर के निजी हास्पिटल में निधन हो गया. वे



वर्तमान में नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन की धर्मपत्नी थीं. दो दिन पहले ही अशोक जैन के अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद नगर में जीत का जश्न मनाया गया था और भव्य विजय आभार रैली निकाली गई थी, जिसमें परिवार के लोग शामिल हुए थे. अंजू जैन के निधन की खबर आते ही नगर में शोक की लहर है. नगर पालिका चुनाव के पूर्व ही अचानक अंजु जैन की तबीयत बिगड़ी थी और उन्हें रायपुर के निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज जारी था. रविवार को तबीयत ज्यादा बिगड़ी और देर रात उनका निधन हो गया. उनका पार्थिव शरीर आज बलौदाबाजार आएगा और उनके घर से दोपहर एक बजे अंतिम यात्रा निकलेगी. रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा.

**मंत्री टंकराम वर्मा ने जताया शोक**–बलौदाबाजार के विधायक एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अंजू जैन के निधन पर शोक व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि उनका जाना नगर के लिए अपूर्णीय क्षति है. अंजू काफी मिलनसार व जनहित के लिए कार्य करने वाली महिला थी. ईश्वर उन्हें श्रेष्ठ स्थान दे और इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे.

# श्रद्धालुओं के महाकुंभ में शामिल होने के कारण प्रयागराज में भारी यातायात

**प्रयागराज,17 फरवरी।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के कारण धार्मिक आयोजनों में आने-जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं की लगातार आवाजाही के कारण शहर में यातायात की भारी भीड़ हो गई है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के कारण प्रमुख सड़कों पर यातायात की गति धीमी हो गई है, अधिकारी स्थिति को संभालने और सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर देखी गई तस्वीरों में वाहनों की लंबी कतारें और गंतव्य तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रही भीड़ दिखाई दे रही है। इस बीच, प्रयागराज के महाकुंभ में भाग लेने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या में उमड़ रहे हैं। इस बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जनता से महाकुंभ 2025 के लिए सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और अपने वाहनों को सड़क पर पार्क न करने का भी आग्रह किया। सीएम योगी की यह अपील प्रयागराज के रास्ते में भारी ट्रैफिक जाम के मद्देनजर आई है। सोशल मीडिया पर जाम के कई वीडियो सामने आए, जिसमें वाहनों की लंबी कतारें और यात्रियों को



परेशानी का सामना करते हुए और घंटों जाम में फंसे हुए दिखाया गया। सीएम योगी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महाकुंभ आस्था का महापर्व है, जिसमें देश-दुनिया से लोग शामिल होने के लिए उत्साहित हैं। सभी का सकारात्मक सहयोग इस आयोजन की सफलता को कई गुना बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा, सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे अपने वाहन सड़कों पर न खड़े करें, बल्कि निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें, ताकि सभी को त्रिवेणी संगम में धार्मिक डुबकी लगाने का सुगम अवसर मिल सके। महाकुंभ के चलते, प्रयागराज में चल रहे उत्सव के दौरान पवित्र स्नान करने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए वाराणसी भी पहुंच रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, चल रहे महाकुंभ में रविवार, 16 फरवरी को सुबह 8 बजे तक 3.75 मिलियन से अधिक तीर्थयात्रियों ने त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। अधिकारियों के अनुसार, आयोजन स्थल पर कोई कल्पवासी नहीं बचा है, जबकि 15 फरवरी तक पवित्र स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या 514.7 मिलियन को पार कर गई है।

### भारी भीड़ से निपटने के लिए भारतीय रेलवे ने बनाया नया प्लान

केंद्र सरकार 60 उच्च यातायात रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए स्थायी होल्डिंग जोन बनाएगी और भीड़ और संकट प्रबंधन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करेगी, सूत्रों ने। यह नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत के बाद हुआ है, जो प्रयागराज की ओर जाने वाली ट्रेनों को पकड़ने वाले महाकुंभ भक्तों की अचानक भीड़ के कारण हुई थी। सूत्रों ने कहा कि स्थानीय अधिकारियों को स्थितिजन्य जागरूकता और संकट प्रबंधन में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिशात्मक सहायता के लिए, यात्रियों को निर्दिष्ट होल्डिंग क्षेत्रों की ओर मार्गदर्शन करने के लिए तीर और विभाजक बनाए जाएंगे। सूत्रों ने कहा कि एआई सहित प्रौद्योगिकी का उपयोग भीड़ की आवाजाही की निगरानी के लिए किया जाएगा, खासकर ट्रेन देरी के दौरान।

# ट्रंप के दोस्त ने भारत को दिया नया झटका

**नई दिल्ली,17 फरवरी।** अमेरिकी सरकार ने भारत को मिलने वाली 1.82 अरब रुपए की मदद पर रोक लगा दी है। ये सहायता राशि भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए दी जा रही थी। लेकिन अब इसे पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इस फैसले के पीछे अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप सरकार की नीतियां और एलन मस्क के नेतृत्व में चल रहे सरकारी दक्षता विभाग डीओजीई की सख्ती जिम्मेदार मानी जा रही है। डीओजीई ने एक्स पर एक पोस्ट में इसकी घोषणा की। फंड जहां खर्च होता था, उसकी लिस्ट जारी करते हुए डीओजीई ने लिखा कि अमेरिकी करदाताओं का फंड इन कार्यक्रमों पर। खर्च होना था, इन्हें रद्द कर दिया गया है। दुनियाभर के देशों में चुनाव और लोकतंत्र की मजबूती के लिए 486 मिलियन अमेरिकी डॉलर का फंड बना था, जिसमें से भारत को 21 मिलियन डॉलर मिलते थे। बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता के लिए भी 29 मिलियन डॉलर और नेपाल को 19 मिलियन डॉलर का फंड भी रोका गया है।



जिसके बाद से सवाल उठ रहे हैं कि अमेरिका ये पैसा भारत को क्यों देता था और इस रोक से भारत पर क्या असर पड़ेगा। बीजेपी आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय ने पूछा कि वोटर्स को मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर ? लाभार्थी कौन था? यह निश्चित रूप से भारत की चुनावी प्रक्रिया में बाहरी हस्तक्षेप है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने जो फंडिंग रद्द की, वह यूपीए सरकार की ओर इशारा करती है। अमेरिका में कुर्सी संभालने के बाद प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई ) बनाया, जिसकी जिम्मेदारी एलन मस्क को दी। जिन्होंने सरकार के कई गैर जरूरी खर्च की समीक्षा शुरू की। इसी प्रक्रिया में भारत को दी जाने वाली मदद को भी बंद कर दिया गया। अमेरिका में 14 राज्यों ने राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और इलॉन मस्क के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसमें डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशियंसी के प्रमुख के रूप में मस्क की भूमिका को चुनौती दी गई है। उन पर अराजकता का एजेंट होने का आरोप लगाया गया है। इन राज्यों ने तर्क दिया है कि DOGE प्रमुख के रूप में उनके अधिकार संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान का उल्लंघन है।

# दिल्ली के नए सीएम के शपथ ग्रहण की आ गई तारीख

**नई दिल्ली,17 फरवरी।** सोमवार को सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के 20 फरवरी को ऐतिहासिक मैदान रामलीला मैदान में शपथ लेने की संभावना है। साथ ही, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राष्ट्रीय राजधानी में 27 साल के लंबे सूखे के खत्म होने के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के लिए भव्य समारोह की योजना बना रही है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक 19 फरवरी को दिल्ली में दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का चयन करने के लिए बैठक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व विधायक दल की बैठक के लिए अपने पर्यवेक्षक भेजेगा, जिसमें दिल्ली विधानसभा में सदन के नेता का चुनाव किया जाएगा। सदन का नेता दिल्ली का नया मुख्यमंत्री होगा। सूत्रों ने यह भी कहा कि 20 फरवरी को मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह के साथ राष्ट्रीय राजधानी में नई सरकार का गठन होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री और मंत्री पद के लिए कई नवनिर्वाचित विधायकों के नाम चर्चा में हैं। शीर्ष पद के लिए सबसे आगे माने जाने वाले लोगों में प्रवेश वर्मा शामिल हैं, जिन्होंने नई दिल्ली सीट से चुनाव में आप प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हराया था, और दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और सतीश उपाध्याय भी शामिल हैं। पवन शर्मा, आशीष सूद, रेखा गुप्ता और शिखा राय सहित अन्य भी मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं।

पार्टी में कई लोगों का मानना है कि राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश,

# चीन हमारा दुश्मन नहीं है, कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने फिर दे दिया विवादित बयान

**नई दिल्ली,17 फरवरी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा ने चीन को लेकर दिए नए बयान से विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा है कि भारत की तरफ से चीन को दुश्मन मानना बंद कर देना चाहिए। साथ ही उन्होंने अमेरिका को भी घेरा है। इधर, भारतीय जनता पार्टी भी कांग्रेस नेता के इस बयान पर हमलावर हो गई है। इससे पहले भी पित्रोदा अपने बयानों को लेकर विवाद में रह चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पित्रोदा ने कहा, मैं नहीं समझ पा रहा हूं कि चीन से क्या खतरा है। मुझे लगता है कि इस मुद्दे को हमेशा बढ़ा चढ़ाकर दिखाया जाता है, क्योंकि अमेरिका का स्वभाव दुश्मन बताने का है। मुझे लगता है कि अब समय आ गया है, जब सभी देश एक साथ आएं और टकराव न करें। दरअसल, उनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात को लेकर सवाल पूछा गया था। उन्होंने कहा, शुरुआत से ही हमारा रवैया टकराव वाला रहा है और यह तरीका दुश्मन खड़े करता है। इसके बदले में देश के अंदर समर्थन हासिल किया जाता है। हमें इस मानसिकता को बदलना होगा और यह मानना बंद करना होगा कि चीन पहले दिन से ही हमारा दुश्मन है। यह गलत है और सिर्फ चीन के साथ ही नहीं, बल्कि सभी के साथ यह गलत हो रहा है।



### भाजपा ने राहुल गांधी को घेरा

भाजपा के प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस के रायबरेली सांसद राहुल गांधी को भी घेरा है। उन्होंने कहा, जिन लोगों ने हमारी 40 वर्ग किलोमीटर जमीन चीन को दे दी, उन लोगों को चीन से कोई खतरा नजर नहीं आता है। कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि राहुल गांधी चीन से डरते हैं और IMEEC की घोषणा से एक दिन पहले ही BRI पर जोर दे रहे थे। उन्होंने कहा, चीन के प्रति कांग्रेस पार्टी के आकर्षण का राज साल 2008 में हुए कांग्रेस-सीसीपी एमओयू में छिपा है।

## राजनांदगांव के रेवाडीह की की दो बालिकाओं ने किया जिले को गौरवान्वित

# अदिति व अंजली को राष्ट्रीय बास्केटबॉल स्पर्धा में मिला कांस्य पदक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 17 फरवरी।** राजनांदगांव के रेवाडिह वार्ड की दो प्रतिभाशाली बास्केटबॉल खिलाडी अदिति कोडापे एवं अंजली कोडापे ने एक और उपलब्धि हासिल कर वार्ड शहर एवं राज्य का नाम रोशन किया। रेवाडिह बास्केटबॉल मैदान की पहली खिलाडी जिन्होंने ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीता। दोनो बहनों ने चैन्नई में आयोजित 68 वीं जुनियर राष्ट्रीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। वे दोनो पुर्व में भी इंदौर में आयोजित सी बी एस ई राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत चुकी है। तीन वर्ष पूर्व पहले अदिति ने माध्यमिक विद्यालय रेवाडिह में स्थित बास्केटबॉल मैदान पर स्कूल के बालक बालिकाओं को प्रशिक्षण लेते हुए देखा। रेवाडिह के मिडिल स्कूल में बास्केटबॉल मैदान पर वार्ड में संचालित प्रायमरी एवं मिडिल स्कूल के बालक एवं बालिकाओं को अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव एवं राधा राव निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करते है। उन बच्चों को अभ्यास करते देखकर अदिति कोडापे की माता ने प्रशिक्षक कालवा राधा राव से अदिति को भी ट्रेनिंग प्रदान करने की मांग की। जिसे उन्होंने मान लिया और अदिति ने अपना बास्केटबॉल का सफर प्रारंभ किया। अदिति कोडापे को खेलते देखकर उसकी दो अंय बहनों अंजली कोडापे एवं पावनी कोडापे ने भी बास्केटबॉल खेलना शूरू किया। अदिति ने पहले ही साल में अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। इसी वर्ष उसका चयन राष्ट्रीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिये सी बी एस इ डब्ल्यू एस ओ टीम में हुआ। वहां उसने कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके पश्चात अगले वर्ष अंजली एवं



अदिति कोडापे ने पूनः राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। इस वर्ष तीनों बहनों अदिति कोडापे, अंजली कोडापे एवं पावनी कोडापे ने राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। इसके पश्चात अदिति औऔर अंजली कोडापे ने कटक में आयोजित सी बी एस ई क्लस्टर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। इसके पश्चात दोनों ने इंदौर में आयोजित सी बी एस ई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। उसी के आधार पर दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका टीम चैन्नई में आयोजित 68 वीं जुनियर राष्ट्रीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए क्वालीफाई हुई। दोनों ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका टीम को कांस्य पदक जीताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें खेलों इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी के लिए असेसमेंट केम्प के लिए भी खेलों इंडिया द्वारा चयनित किया गया है। वे दोनों पटियाला में 22 से 24 जनवरी 2025 तक आयोजित असेसमेंट केम्प में भाग लेने के लिए पटियाला रवाना हो गई है।

दोनों ही बहनें माध्यमिक विद्यालय रेवाडिह की छात्रा रही है। उनके खेल कौशल के कारण युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव द्वारा उन्हें निःशुल्क एडमिशन दिया गया था। उसके पश्चात उन दोनों को एवं उनकी छोटी बहन पानी कोडापे को भी दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव द्वारा भी अपने स्कूल में निःशुल्क एडमिशन दिया है। इनके परिवार में छह बहनें है और सभी बहुत टेलेंटेड है। पावनी कोडापे भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता है।

उल्लेखनीय है कि इनकी माता घरों में कार्य करती है एवं पिता डायवर है। ये परिवार अनुसूचित जनजाति से आता है एवं अत्यंत ही गरीब है। इस परिवार की इन बालिकाओं का समस्त व्यय राव दंपति उठाती है जबकि इन बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव द्वारा प्रदान की जाती है। इन्हीं की तरह प्रायमरी एवं माध्यमिक शाला रेवाडिह के बालक बालिकाओं को अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव एवं कालवा राधा राव को निःशुल्क ट्रेनिंग प्रदान की जाती है। उनकी इस उपलब्धि ने पूरे रेवाडिह वार्ड को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें और उनके परिवार को मिडिल स्कूल रेवाडिह के प्रधान अध्यापक अनुप राम कंवर, अनिल कौशिक, वार्ड पार्षद गामेन्द्र नेताम, पूर्व पार्षद मुकेश ध्रुव, उज्जवल कासर, खेल प्रेमियों तथा वार्ड के गणमान्य नागरिकों द्वारा बधाईयाँ दी है।

## समाचार संक्षेप

### हुड़दंग मचाने वाले आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



**डोंगरगढ़, 17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कांग्रेस प्रत्याशी अपनी जीत की खुशी में वार्ड क्रमांक 22 में विजयी जुलूस गाजे बाजे के साथ निकाला गया था. डीजे की धुन पर समर्थक धमाल मचा रहे थे इस दौरान कुछ अति उत्साहित आरोपियों के द्वारा भाजपा के शहर महामंत्री संतोष राव के घर पर देर शाम पत्थरबाजी करने की शिकायत सामने आने के बाद मोहल्ले में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी जिसको लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा थाने पहुँचकर ऐसी घटनाओ के विरुद्ध जमकर आपत्ति दर्ज कराया गया था और देर रात तक भाजपा के कई स्थानीय नेता थाने में जमे रहे. सूचना मिलने के बाद कांग्रेस के भी कई नेता थाने पहुँचकर अपना अपना आपत्ति दर्ज कराया गया. पुलिस के द्वारा मामले की जांच करने पर हुड़दंग करने वाले आरोपी प्रकाश यादव, शेर अली, सोनूराम यादव, शिवा यादव के विरुद्ध बीएनएसएस 170, 125, 126 के तहत कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया जहां से जमानत पर छोड़ दिया गया. घटना को लेकर दोनों प्रमुख राजनैतिक पार्टी भाजपा व कांग्रेस के बीच भारी आक्रोश व गहमागहमी देखा गया. घटना होने के देर रात्रि तक भाजपा के पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, वरिष्ठ नेता हरविंदर सिंग मंगे, नव निर्वाचित अध्यक्ष रमन डोंगरे, मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना, अमित जैन, उमा महेश वर्मा, विजेंद्र सिंह ठाकुर, प्रिंस कक्कड़, परविंदर मोंटी, मुकुंद कंडरा, लोकेश इंदुरकर, अनिल पांडे, राकेश अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता थाने में कार्यवाही को लेकर अड़े हुए थे तो कांग्रेस की ओर से शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान देर रात्रि तक थाने में जमे रहे.

### जिपं क्षेत्र क्रमांक-12 में अरुण सार्वा को मिल रहा है जनता का अपार जनसमर्थन



**नगरी, 17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 में भाजपा समर्थित उम्मीदवार अरूण सार्वा का चुनावी माहौल जोर पकड़ता जा रहा है। उगता सूरज चुनाव चिन्ह लेकर जनता का समर्थन जुटाने के लिए पूरी ताकत से जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। वे विकास की राजनीति की पक्षधर हैं और इसी सोच के साथ वे गांव-गांव जाकर जनता से आशीर्वाद प्राप्त कर रहा हैं।

अरुण सार्वा की जन आशीर्वाद यात्रा हर दिन क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में पहुंच रही है। आज उनका काफिला समर्थकों की टोली के साथ ग्राम बीलभदर, चमेंदा, कर्राघाटी, और हरदीभाठा, पहुंचा जहां ग्रामीणों ने उन्हें खुलकर समर्थन दिया। सार्वा जिस गांव में जाते हैं, वहां ग्रामीणों का अपार स्नेह और समर्थन की बरसात हो रही है। जिससे उन्हें क्षेत्र में उन्हें एक मजबूत आधार मिला हुआ है। स्थानीय होने के नाते जनता में उनके प्रति विशेष अपनापन देखा जा रहा है। उन्होंने जनता के बीच रहकर अपने जन आशीर्वाद अभियान के दौरान जनता को आश्वस्त किया कि यदि वे निर्वाचित होने के बाद क्षेत्र के विकास को और गति दी जाएगी। अरुण सार्वा की लगातार बढ़ती लोकप्रियता, उनका सीधा जनसंपर्क और मजबूत पारिवारिक-सामाजिक आधार यह संकेत दे रहे हैं कि उगता सूरज चुनाव चिन्ह एक मजबूत स्थिति में है और जनता का समर्थन उनके पक्ष में लगातार बढ़ रहा है।

### सामान्य वर्ग के आलोक श्रोती को बना सकती है भाजपा निगम का अध्यक्ष



**डोंगरगढ़, 17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मोहारा वार्ड से जीत कर आए भाजपा के युवा आलोक श्रोती को नगर निगम का अध्यक्ष बनाकर सामान्य वर्ग को भारतीय जनता पार्टी संतुष्ट कर सकती है । आलोक श्रोती जो पहले से ही एक जानेमाने नेता हैं। और स्थानीय राजनीति में अपनी पहचान बना चुके हैं, नगर निगम अध्यक्ष पद के लिए संभावित उम्मीदवार माने जा रहे हैं। आलोक श्रोती का राजनीतिक केरियर क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय रहा है, और उनकी छवि एक योग्य, विकासशील और जनता के प्रति समर्पित नेता के रूप में बन चुकी है। वे अपनी कार्यशैली में पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों पर जोर देने के लिए जाने जाते हैं। उनके समर्थक मानते हैं कि आलोक श्रोती नगर निगम की कार्यप्रणाली में सुधार और शहर की अवसंरचना को मजबूत करने में सक्षम होंगे। आलोक श्रोती के समर्थकों का कहना है कि नगर निगम अध्यक्ष के रूप में शहर के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते है। वे शहर की सड़कों, जल आपूर्ति, कचरा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देंगे। उनके द्वारा किए गए पिछले कार्यों को देखते हुए, स्थानीय लोग उनकी नेतृत्व क्षमता में विश्वास जताते हैं।

### लीजेंड 90 लीग: दिल्ली रॉयल्स का सफर खत्म

**रायपुर।** शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आज खेले गए दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में राजस्थान किंग्स ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली रॉयल्स को 6 विकेट से हराकर लीजेंड 90 लीग के ग्रैंड फिनाले में जगह पक्की कर ली है। राजस्थान की जीत के नायक फिल मस्टर्ड (नाबाद 53) और रजत सिंह (56) रहे, जिन्होंने टीम को रोमांचक जीत दिलाई। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली रॉयल्स को लेंडल सिमंस और शरद लुम्बा ने तेज शुरुआत दिलाई। लुम्बा ने मात्र 24 गेंदों में 9 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 60 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 90 रन जोड़े, लेकिन दिल्ली की पकड़ तब टूटी जब लुम्बा के आउट होने के बाद 34 गेंदों में 63 रन बनाकर खेल रहे, लेंडल सिमंस को सूदीप त्यागी की एक तेज बाउंसर आकर हेलमेट पर लगी, जिसके चलते उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। इस घटना ने मैच का रुख ही पलट कर रख दिया और विकेट गिरने का सिलसिला जारी हो गया। जिसके बाद अंतिम ओवर में दिल्ली के कप्तान बिपुल शर्मा ने तीन छक्के जड़कर टीम को 15 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 167 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

## एक नजर

### गैन्दाटोला जिपं क्षेत्र-12 से भाजपा ने 2 बागी प्रत्याशियों को किया निष्कासित

**छुरिया, 17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे 2 भाजपा के बागी प्रत्याशियों पर निलंबन की गाज गिरी है, इन्हें भाजपा पार्टी से 6 वर्षो के लिए निष्काशित की कार्यवाही जिला भाजपा अध्यक्ष की अनुशंसा पर की गई है। मिली जानकारी के अनुसार छुरिया के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 गैन्दाटोला से भाजपा ने किरण रविन्द्र वैष्णव को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है, पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे दो भाजपा के बागी प्रत्याशी किसान मोर्चा के जिला मंत्री हिरेंद्र साहू (खोराटोला) एवं पूर्व भाजपा समर्पित जिला पंचायत सदस्य किरण साहू (हालेकोसा) को भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने इन्हें निर्विरोध क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी के विरोध में होने से 6 वर्षो के लिए पार्टी से निलंबन की कार्यवाही की है।





### मवेशी तस्करी में लिप्त ट्रक को शासन ने किया राजसात

**राजनांदगांव, 17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जयहिन्द नगर बाणगंगा इन्दौर मध्यप्रदेश निवासी जगदीश मेहरा के स्वामित्व का जप्त वाहन ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीबी 8526 को छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिक्षण अधिनियम के प्रावधान के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार ट्रक को वाहन चालक द्वारा 7 नग मवेशी गौवंश को बिना चारा-पानी के क्रुरतापूर्वक बूचडख़ाना-कत्लखाना की ओर तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते ले जा रहा था। जिससे वाहन की ग्राम मोखला में दुर्घटना हो गई थी। आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण अवधि (30 दिवस) समाप्त हो जाने और सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त न होने की दशा में राजसात किए गये वाहन का नियमानुसार आरटीओ से मूल्यांकन कराकर नीलामी की कार्रवाई करते हुए प्राप्त राशि छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

# कांग्रेस के तीन पार्षद दोबारा पहुंचे नपं छुरिया

## भाजपा ने एक सीट पर दूसरी बार किया कब्जा, वहीं निर्दलीय अनिल लारोकर ने रचा इतिहास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया, 17 फरवरी।** नगर पंचायत छुरिया के चुनाव परिणाम इस बार चौंकाने वाले रहे 14 वर्ष का वनवास खत्म कर भाजपा ने जहां धमाकेदार जीत हासिल करते हुए अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया है। वहीं कांग्रेस के तीन पार्षद ऐसे भी हैं जो लगातार दूसरी बार जीत हासिल कर वार्ड पार्षद का चुनाव जीते हैं, भाजपा ने भी लगातार दूसरी बार एक सीट पर कब्जा जमाया है। नगर पंचायत के 15 वार्डो का मतगणना पश्चात् चुनाव का रिजल्ट देखकर सब दंग रह गये इस बार नगर पचांयत में भाजपा एवं कांग्रेस के 7-7 पार्षद के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी भी पार्षद चुनाव जीतने मे कामयाब हुए। वहीं कांग्रेस के 3 पार्षद ऐसे भी हैं जिन्होंने लगातार दूसरी बार चुनाव जीते हैं जिसमें से वार्ड नं. 7 से भावना राधे ठाकुर, वार्ड क्रमांक 10 से असरफ दबीज खान, वार्ड नं. 11 से मनोज यादव पार्षद का चुनाव जीते हैं वहीं भाजपा ने लगातार दूसरी बार जिसमें वार्ड नं. 14 के भूषण नेताम ने जीत दर्ज की है।

**निर्दलीय ने रचा इतिहासः** नगर पंचायत के 3 बार के चुनाव में पार्षद पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशयों ने चुनाव तो लड़े, मगर उन्हें सफलता नहीं मिली, इस बार के चुनाव में वार्ड नं. 06 अहमद भाई से चुनाव लड़ रहे निर्दलीय प्रत्याशी अनिल लारोकर ने पार्षद पद पर शानदार जीत दर्ज कर नगर के चुनाव में नया इतिहास रच दिया।

## जनता की सेवा मेरा प्रथम कर्तव्य है : किरण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 17 फरवरी।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-12 गैंदाटोला से भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी किरण रविन्द्र वैष्णव जिला पंचायत सदस्य पद हेतु विभिन्न गांवों में नुक्कड़ सभा व डोर टू डोर जनसंपर्क कर फावड़ा बेलचा छाप पर मुहर लगाकर आशीर्वाद प्रदान करने की निवेदन कर रही है। जिसमें गांव गांव में आपार समर्थन किरण रविन्द्र वैष्णव को मिल रहा है। किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि जनता की सेवा मेरा प्रथम कर्तव्य है, और इसी संकल्प के साथ मैं जनसंपर्क और आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु आपके बीच आ रही हूँ। आप सभी से मिलकर क्षेत्र के विकास, जनकल्याण और उन्नति के लिए सुझाव एवं सहयोग प्राप्त करना मेरी प्राथमिकता रहेगी आपका सहयोग और समर्थन ही मेरी शक्ति है! आप सभी से मैं निवेदन करती हूं अधिक से अधिक फावड़ा बेलचा छाप पर मुहर लगाकर मुझे आशीर्वाद प्रदान करे मैं निश्चित रूप से आप सभी के सहयोग से क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए सदैव आपके साथ मिलकर काम करूंगी।राज्य की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना, किसानों के हित में निर्णय लेते हुए 3100 रुपये में धान खरीदी, 2 वर्ष का बकाया धान बोनस, किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 5 लाख तक ऋण, भूमिहीन परिवारों को सालाना 10 हजार रुपए सहायता और 18 लाख गरीब परिवारों के पक्का आवास के सपनों को साकार किया है। किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फपांच साल में चलने का काम किया है। निश्चित रूप से मैं जिला पंचायत क्षेत्र की मतदातागण मुझे जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-12 से सेवा करने का अवसर प्रदान करते हैं तो विकास की गति ट्रिपलइंजन की रफ्तार से मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन से क्षेत्र के विकास करूंगी।

# आपसी विवाद में पति ने पत्नी की ईंट व चाकू मारकर हत्या की

## ग्राम कलकसा थाना डोंगरगढ़ का मामला, आरोपी पति अपनी पत्नी का हत्या कर खुद को चाकू व ईंट से किया घायल




**राजनांदगांव, 17 फरवरी।** 15 फरवरी को ग्राम कलकसा में एक महिला की उसके घर में हत्या हो जाने की सूचना मिलने पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहूचा जहां प्रार्थी अजय बग्गा पिता राम स्वरूप बग्गा उम्र- 42 साल निवासी ग्राम कलकसा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि भाभी अमरजीत और इन्द्रजीत बग्गा रोज सुबह 4:30 से 5 बजे के बीच उठ जाते हैं लेकिन 15 फरवरी की सुबह लगभग 6:30 बजे तक नहीं उठे थे, दरवाजा अन्दर से बंद था। दरवाजा को जोर-जोर से खटखटाया और आवाज दिया तब थोड़ी देर बाद मेरा भाई इन्द्रजीत दरवाजा खोला तो देखा कि उसके चेहरा में खुन लगा था, हाथ पैर में काटने का निशान था, मेरे कुछ बोलने से पहले ही इन्द्रजीत बग्गा बोला तेरी भाभी को ईट से मार दिया हूँ, तब मैं एवं मेरा परिवार घर अंदर जाकर देखे तो मेरा बड़ा भाई इन्द्रजीत बग्गा ईट से मेरी भाभी अमरजीत बग्गा को सिर, चेहरा, नाक, मुंह में ईट से मारकर हत्या कर दिया था और इन्द्रजीत बग्गा उसी पंलग में जाकर सो गया था। जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अप0क्र0- 71/2025 धारा- 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में आरोपी इन्द्रजीत बग्गा पिता स्व0 रामस्वरूप बग्गा उम्र- 52 साल निवासी ग्राम कलकसा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. जो घटना कारित करने के बाद स्वयं को चाकू एवं ईट व दिवाल से अपने सिर, नाक, हाथ-पैर एवं गला को चोंट पंहूचा दिया था जिसका उचित ईलाज करवाकर 15 फरवरी को गिरफ्तार किया गया जिसे आज दिनांक को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

आरोपी का नाम इन्द्रजीत बग्गा पिता स्व. रामस्वरूप बग्गा उम्र- 52 साल निवासी ग्राम कलकसा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. है। नाम मृतिका अमरजीत बग्गा पति इन्द्रजीत बग्गा उम्र- 55 साल निवासी ग्राम कलकसा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव है।

## राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 27 फरवरी से 13 मार्च तक

# डोंगरगढ़ व डोंगरगांव में फाइलेरिया से बचाव के लिए कराया जाएगा सामूहिक दवा का सेवन

■ कलेक्टर ने नागरिकों से घर के सदस्यों एवं पड़ोसियों को फाइलेरिया की दवा खाने के लिए प्रेरित करने की अपील की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 फरवरी।** राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 27 फरवरी से 13 मार्च 2025 तक डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव विकासखंड में फाइलेरिया से बचाव के लिए सामूहिक दवा का सेवन कराया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के नागरिकों से घर के सदस्यों एवं पड़ोसियों को फाइलेरिया की दवा खाने के लिए प्रेरित करने की अपील की है। उन्होंने दवा खाने से मना करने वाले परिवारों को समझाने में स्वास्थ्य कार्यकर्ता की सहायता करने कहा है। फाईलेरिया (हाथी पांव) जैसे गंभीर बीमारी से बचाव के लिए (2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गंभीर बीमार व्यक्ति को छोड़कर) फाईलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है, जिसे हाथी पांव के नाम से भी जाना जाता है। फाईलेरिया रोग के नियंत्रण के लिए जिले में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय




फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 27 फरवरी से 13 मार्च 2025 तक डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव विकासखंड में फाइलेरिया से बचाव के लिए सामूहिक दवा का सेवन कराया जाएगा। जिसके तहत 27 फरवरी से 2 मार्च 2025 तक संस्थाओं में बूथ लगाकर लाभार्थियों को दवा सेवन कराया जाएगा। 3 से 10 मार्च 2025 तक ड्रग एडमीनीस्ट्रटर द्वारा सामुदाय स्तर पर गृह भेंट कर दवा सेवन कराया जाएगा। 11 से 13 मार्च 2025 तक छूटे हुए लाभार्थियों को मॉप-अप राउंड के तहत दवा का सेवन कराया जाएगा। 27 फरवरी से 13 मार्च 2025 तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एमडीए कार्नर में लाभार्थियों को दवा सेवन कराया जाएगा।

हाथीपाव (फाइलेरिया) रोग संक्रिमित मच्छरों के काटने से होता है। फाइलेरिया रोग का कोई इलाज नहीं है, बचाव ही इलाज है। इस रोग से बचाव के लिए निःशुल्क फाईलेरिया की दवा दी जा रही है। जिसके सेवन से फाईलेरिया रोग से बचा जा सकता है। सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के दौरान शत-प्रतिशत फाइलेरिया की दवा का सेवन कर हाथी पाव से बचा जा सकता है। यह दवा अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर बनी है, जो पूरी तरह से सुरक्षित है। ये दवा खाली पेट नहीं खानी है, ये दवा सभी को खानी चाहिए चाहिए एवं उन्हें फाइलेरिया के लक्षण हो या ना हो जिससे भविष्य में फाइलेरिया रोग से बचा जा सकता है एवं शहर में पनप रहे परजीवी का नाश हो सके और सभी लोग फाइलेरिया के भय से निजात पा सके। दवा जब अपना कार्य शुरू करती है, तो कुछ देर के लिए मितलाना सरदर्द या चक्कर आना जैसी प्रतिक्रिया सवाभाविक है, जो कुछ ही देर में स्वत समाप्त हो जाती है। यह दवा के सकारात्कम प्रभाव है एवं परजीवी के मरने के शुभ संकेत है।

## संपादकीय

## बड़ी जीत मतलब होता है कि बड़ी जिम्मेदारी

कोई भी चुनाव हो, उसमें जीत ही बड़ी होती है, जीतना ही परम लक्ष्य होता है। जो जीतता है वह बड़ा होता है, माना जाता है कि उसने परम लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जीतने वाले के लिए खुशी की बात यह भी होती है कि उसने किसको हराया, कितने वोटों से हराया, पार्टी जीती है तो जीत कैसी है, जीत की वजह क्या है। जीत के बाद जीत के कई कारण बताए जाते हैं तो हारने वाले हार के कई कारण बताते हैं। जीत का श्रेय जीतने वाली पार्टी के सबसे बड़े नेता को मिलता है तो हारने का ठीकरा भी पार्टी के सबसे बड़े नेता या नेताओं के सिर पर फोड़ा जाता है।जीत का मतलब पार्टी के सबसे नेता के लिए होता है कि अब तक जितनी जिम्मेदारी थी, अब जिम्मेदारी और बढ़ गई है, हर स्तर पर जिम्मेदारी बढ़ गई है।अब तक विधानसभा स्तर तक विकास करना था, सुशासन देना था तो अब नगर निगम, नगरपंचायत से लेकर एक एक वार्ड के विकास की जिम्मेदारी है, एक एक वार्ड में विकास होना भी चाहिए,सुशासन जनता को दिखना भी चाहिए नगरीय निकाय चुनाव में १७३ नगरीय निकायों में चुनाव हुए इसमें १२६ में भाजपा की जीत हुई है।दस नगर निगम के चुनाव में दस में से दस में भाजपा की जीतना किसी चमत्कार से कम नहीं लगता है।४९ नगर पालिकाओं में से ३५ में भाजपा के जीतने से लगता है कि भाजपा के पक्ष में राज्य में लहर थी। ११४ नगर पंचायतों में ८१ में भाजपा की जीत से यकीन हो जाता है कि लोगों में भाजपा के विकास व सुशासन को लेकर जो विश्वास था, वह और बढ़ा है। पाजीटिव में सोचा जाए तो साय सरकार ने अपने कुछ महीने के कार्यकाल में चुनावी वादे जिस तरह पूरे किए। सुशासन के लिए जितने कदम उठाए उस पर जनता ने लोकसभा चुनाव में जितना भरोसा किया था, नगरीय निकाय चुनाव में उससे ज्यादा भरोसा किया।निगेटिव में सोचा जाए तो साय सरकार ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार के मामलों को जिस तरह उजागर किया, उसके खिलाफ जिस तरह तेजी से जांच की, कार्रवाई की, उसका जितनी कुशलता से प्रचार किया। उससे कांग्रेस के प्रति लोगों का बचा खुचा विश्वास था,वह भी उठ गया। लोगों के मन में साय सरकार यह धारणा बनाने में सफल रही कि कांग्रेस को सत्ता मिले तो वह सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार करती है।इसी वजह से कांग्रेस विधानसभा चुनाव हारी, लोकसभा चुनाव हारी, अब नगरीय निकाय चुनाव भी बुरी तरह हार गई है। कांग्रेस नेता के रूप में भूपेश बघेल समेत कई बड़े नेताओं ने साय सरकार को हर क्षेत्र में फेल बताने का प्रयास किया, खूब प्रचार किया साय सरकार के ११ महीने के कामकाज से जनता साय नाराज है। आए दिन आंदोलन किया लेकिन वह साय सरकार के खिलाफ जनता को प्रभावित नहीं कर सके। यह साबित नहीं कर सके कि साय सरकार भूपेश सरकार से बदतर है. जबकि साय हर चुनाव में यह साबित करने में सफल रहे जनता उनके भ्रष्टाचार मुक्त शासन व सुशासन से खुश है। चाहे लोकसभा चुनाव हो, नगरीय निकाय चुनाव हो उन्होंने चुनाव जीतकर साबित किया जनता उनके सुशासन व भ्रष्टाचारमुक्त सरकार के साथ है। सरकार के साथ है इसलिए वह चुनाव जीत रहे हैं। इस बात में दो मत नहीं है कि साय सरकार ने भूपेश सरकार से सबक लिया कि उसकी सरकार को किन बातों से बच कर रहना है। वह कैसे भूपेश सरकार से अपनी सरकार को अलग बता सकते हैं। उन्होंने सबसे अच्छा काम किया सुशासन पर जोर दिया, यह कोशिश की उनके शासन में भूपेश सरकार के समय जिस तरह भ्रष्टाचार हो रहा था, उस तरह का भ्रष्टाचार न हो, और वह इसमें सफल रहे हैं।वह सुशासन की बात कहते हैं तो जनता इसीलिए उन पर यकीन करती है। जीत का सबसे बडा. श्रेय तो सीएम साय को जाता है। उन्होंने सुशासन के साथ ही पार्टी को एकजुट रखने में भी सफल रहे हैं, पार्टी एकजुट थी, इसलिए पार्टी को इतनी ज्यादा सफलता मिली है। प्रत्याशी चयन में उसने देरी नहीं की,सही प्रत्याशी चुने, बागियों को मनाने में सफल रही। सुविधा साधन की कमी नहीं थी, छोटे से लेकर बड़े नेताओं में जीत की जज्बा था कि यह चुनाव भी हमें ही जीतना है।सत्ता संगठन में बेहतर तालमेल था, ट्रिपल इंजन की सरकार के नाम पर वोट मांगा,नए चेहरों पर भरोसा किया,जातिगत समीकरण को साधने में सफल रही। नगर निगम में दस में से दस जीतना तो भाजपा की ऐतिहासिक सफलता है। इसकी वजह यह है कि सीएम साय ने मेयर का चुनाव जनता के कराने का जोखिम लिया। उनको जनता पर भरोसा था कि जनता भाजपा के मेयर को चुनेगी और ऐसा ही हुआ है। उन्होंने कांग्रेस की तरह मेयर को जनता पर थोपा नहीं, जनता पर भरोसा किया वह भाजपा का मेयर चुनेगी और सुशासन व भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए चुनेगी। जनता ने ऐसा ही किया है। कोई नेता जब जनता पर भरोसा करता है तो जनता भी नेता पर भरोसा करती है।कांग्रेस की हार की वजह लोकसभा व विधानसभा में हार के बाद गुटबाजी बढ़ गई थी, कोई नेता पार्टी को एकजुट नहीं कर सका, हार के बाद कार्यकत्ताओं की निराशा को कोई नेता दूर नहीं कर सका, जीत का जज्बा पैदा नहीं कर सका, बड़े नेताओं ने जीतने वाले प्रत्याशी की जगह अपनी समर्थकों को आगे किया,कांग्रेस का घोषणापत्र पिछली बार के चुनाव की तरह लोगों को भरोसेमंद नहीं लगा। सबसे बड़ी बात रही कि कांग्रेस सोचती रही कि मेयर के चुनाव प्रत्याशी का चेहरा पर लड़ा जाएगा, उसने चेहरे पर जोर दिया और भाजपा ने पार्टी पर जोर दिया। कांग्रेस ने जनता से कहा कि मेयर के लिए चेहरे को चुनो, भाजपा ने जनता को बताया कि चेहरा नहीं पार्टी को चुनो, जनता ने मेयर चुनाव में चेहरे की जगह पार्टी को चुना इसलिए उसके दस के दस प्रत्याशी जीते हैं।कांग्रेस ने मेयर चुनाव परंपरागत तौर पर लड़ा जबकि भाजपा ने नए तरीके से लड़ा और वह सफल रही।

राजनीति | तनवीर जाफरी

# केजरीवाल की हठधर्मिता ने डुबोई 'आप ' की नैया

दिल्ली की 70 सदस्यों की विधान सभा हेतु हुए 2015 के चुनाव में 70 में से 67 सीटें तथा 2019 में दिल्ली की



सातवीं विधानसभा चुनाव में 62 सीटें जीतकर ऐतिहासिक बहुमत प्राप्त करने वाली आम आदमी पार्टी पिछले दिनों दिल्ली चुनाव की जंग हार गयी। भारतीय जनता पार्टी को जहां पूर्ण बहुमत के साथ जहां 48 सीटें हासिल हुई वहीं 'आप ' को केवल 22 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। आप के लिये सबसे बड़ा झटका यह भी रहा कि सत्ता गंवाने के साथ ही उसके राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल सहित पार्टी के और भी कई दिग्गज नेता चुनाव हार गये। कुछ राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की पराजय से पार्टी के अंत की शुरूआत हो चुकी है। यदि ऐसा है तो वास्तव में इसका जिम्मेदार कौन है ? क्या वजह थी कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में 43.57 प्रतिशत मत प्राप्त होने के बावजूद आप को केवल 22 विधानसभा सीटों पर ही जीत हासिल हुई जबकि भाजपा ने मात्र दो प्रतिशत अधिक यानी 45.56 प्रतिशत मत प्राप्त कर 48 सीटों पर जीत दर्ज की। नतीजों से साफ है कि भाजपा ने त्रिकोणीय संघर्ष का लाभ उठाकर ही आम आदमी पार्टी से 26 सीटें अधिक हासिल कीं और दिल्ली की सत्ता आप के हाथों से झटक ली। हालांकि हार के बावजूद आम आदमी पार्टी के इस तर्क को भी नकारा नहीं जा सकता कि बावजूद इसके कि बीजेपी के साथ प्रोपेगंडा,सरकार की सारी मशीनरी ,मीडिया,धनबल व बाहुबल सब कुछ थे,फिर भी उसे आप से मात्र दो प्रतिशत ही ज्यादा वोट मिले हैं।

सवाल यह है कि 2011 में यू पी ए सरकार के विरुद्ध भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बाद 26 नवंबर 2012 को देश के अनेक बुद्धिजीवियों द्वारा अरविन्द केजरीवाल के राष्ट्रीय संयोजकत्व में स्थापित की गयी आम आदमी पार्टी जोकि न केवल दिल्ली में सत्ता में थी बल्कि वर्तमान समय में देश के समृद्ध राज्य पंजाब में भी सत्तारूढ़ है वही नया नवेला राजनैतिक दल आखिर किन वजहों से और किन परिस्थितियों में इस अंजाम तक जा पहुंचा कि आज 'आप ' के 'अंत' पर चर्चा छिड़ गयी है ? सच पूछिये तो दिल्ली में भाजपा की संभावित फतेह की सुगबुगाहट तो दरअसल उसी समय शुरू हो गयी थी जबकि 'आप ' ने विगत अक्टूबर 2024 को हरियाणा में हुये विधानसभा चुनाव में 'इण्डिया ' गठबंधन घटक का सदस्य होने के बावजूद राज्य की 89 सीटों पर चुनाव लड़ा और कांग्रेस को हरियाणा की सत्ता में वापसी से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गौरतलब है कि कांग्रेस हरियाणा में 90 में 7 सीटें आप के लिये छोड़ने को तैयार थी परन्तु केजरीवाल की जिद थी कि कांग्रेस उसे 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़ा करने दे। इस बात पर दोनों दलों में समझौता नहीं हो सका। और आप ने 89 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिये। नतीजतन अअढ को राज्य भर में केवल 1.53% वोट प्राप्त हुए। जिन्होंने कांग्रेस को हराने व भाजपा को जिताने में अहम भूमिका निभाई। 2024 में आप द्वारा 10 सीटें तब मांगीं जा रही थीं जबकि 2019 में आम आदमी पार्टी का वोट शेयर ठडळअ से भी काफी कम था। इसी हरियाणा चुनाव परिणाम के बाद ही दिल्ली में भी इसी तरह के चुनाव परिणाम की उम्मीद की जाने लगी थी।

जाहिर है ऐसे विध्वंसक फैसले लेने के लिये स्वयं अरविन्द केजरीवाल ही जिम्मेदार थे। वैसे भी 2012 में 'आप ' अपने गठन के साथ ही उस समय विवादों में आ गयी थी जबकि अन्ना हजारे ने केजरीवाल द्वारा आम आदमी पार्टी के रूप में नया राजनैतिक दल बनाने की कोशिश का विरोध किया था। हालांकि अन्ना हजारे व केजरीवाल दोनों ही नेताओं को लेकर एक बड़े राजनैतिक विश्लेषक वर्ग का यह भी मानना है कि अन्ना आंदोलन हो या केजरीवाल की तर्ज -ए -सियासत,दरअसल यह सब कांगेस के विरोध में तथा भाजपा को फायदा पहुँचाने के लिये रचा गया एक बड़ा राजनैतिक चक्रव्यूह है,अन्यथा क्या कारण है कि जिस जनलोकपाल को लेकर आंदोलन व राजनैतिक दल खड़ा किया गया था उसका जिक्र इन्हीं नेताओं के मुंह से अब क्यों सुनाई नहीं देता। पिछले दस सालों में बड़े से बड़े घोटाले उजागर हुये, उनके विरोध अन्ना हजारे ने आंदोलन क्यों नहीं किया ? इसके अलावा आप के गठन के फौरन बाद ही जिसतरह पार्टी के संस्थापक लोगों व अनेक बुद्धिजीवियों द्वारा पार्टी छोड़ने का सिलसिला शुरू हुआ उसका भी मुख्य कारण केजरीवाल का जिद्दीपन व उनकी हठधर्मिता ही थी। क्या वजह थी कि आम आदमी पार्टी को सबसे पहले चंदा देने वाले पूर्व कानून मंत्री सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील शांति भूषण जिन्होंने पार्टी की स्थापना पर 1 करोड़ रुपए का चंदा दिया था, 2014 से ही उनका 'आप' से मोहभंग हो गया ? शांति भूषण ने उसी समय केजरीवाल को अनुभवहीन, दिल्ली विधानसभा चुनावों में टिकट बंटवारे में गड़बड़ी करने व पार्टी में मनमानी चलाने जैसे अनेक आरोप लगाए थे। इसी तरह केजरीवाल के एक और खास साथी एक्टिविस्ट आशीष खेतान, एक प्रसिद्ध टीवी न्यूज चैनल के मैनेजिंग एडिटर के पद से इस्तीफा देकर आम आदमी पार्टी में शामिल होने वाले आशुतोष,पार्टी का थिंक टैंक व पार्टी की कानूनी लड़ाई लड़ने वाले वाले प्रशांत भूषण जैसे साथियों को केजरीवाल संभाल नहीं सके। इसी तरह राजनीतिक विचारक योगेंद्र यादव को जोकि आम आदमी पार्टी के लिए चुनावी रणनीति बनाने में अहम भूमिका निभाते थे उन्हें भी प्रशांत भूषण के साथ ही पार्टी विरोधी गतिविधि?ों के आरोप में पार्टी से निकाल दिया गया। समाजशास्त्री आनंद कुमार,पैथोलॉजिस्ट अंजली दमानिया, सामाजिक कार्यकर्ता मयंक गांधी,किरन बेदी ,शाजिया इल्मी, विनोद कुमार बिन्नी,कपिल मिश्रा,एमएस धीर सहित और भी कई नेता या तो पार्टी छोड़ गये या फिर निष्क्रिय हो गये। ऐसे सभी नेता केजरीवाल के साथ काम कर पाने में स्वयं को असहज महसूस कर रहे थे।




परिणामस्वरूप अनेक साथी नेताओं के मना करने के बावजूद केजरीवाल अपनी जिद में ही दिल्ली में विवादित शराब नीति लाये जोकि उनकी राजनैतिक तबाही व बदनामी का कारक साबित हुई। अब सत्ता से हटते ही भाजपा ने केजरीवाल को राजनैतिक रूप से समाप्त करने का प्लान तैयार कर लिया है। जहाँ भाजपा की गिद्ध दृष्टि अब पंजाब की आप सरकार पर जा टिकी है वहीँ भाजपा ने एम सी डी के भी फिलहाल तीन 'आप ' पार्षद झटक लिये हैं। साथ ही केंद्रीय सतर्कता आयोग ने केजरीवाल के 6 फ़्लैग स्टाफ बंगले के नवीनीकरण पर हुए बेतहाशाखर्च की जांच का आदेश भी दे दिया है। भाजपा द्वारा केजरीवाल के इस सरकारी आवास को 'शीश महल' का नाम दिया गया था तथा इसे उनके विरुद्ध चुनावी मुद्दा बनाया गया था। बहरहाल मात्र दिल्ली की हार से आप के अंत की भविष्यवाणी करना तो फिलहाल मुनासिब परन्तु इतना जरूर कहा जा सकता है कि केजरीवाल की जिद व उनकी हठधर्मिता के चलते ही 'आप ' की नैय्या डूब रही है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है और अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। जो लोग ऑनलाइन शॉपिंग करते हैं, उन्हें थोड़ा सावधान रहना होगा, क्योंकि उनके साथ कोई फ्रॉड हो सकता है। आपका उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिलने की संभावना है। आप अपने बिजनेस में कुछ बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। मित्रों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना रहेगी। आपको वाहनों के प्रयोग से सावधान रहना होगा। आप किसी बड़े लाभ के चक्कर में ज्यादा ना पड़ें। कारोबार में यदि आपको कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप बेवजह यात्रा करने से बचें, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपको अपने धन को लेकर कोई कदम सोच समझकर उठना होगा। पार्टनरशिप में कोई काम ना करें।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए किसी नए पद की प्राप्ति के लिए रहेगा। आपकी आय के सोर्स बढ़ेंगे। जीवनसाथी के साथ आप किसी धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आप अपनी संतान के मन में चल रही उलझनों को दूर करने की कोशिश करें। परिवार में यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो उसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों से राय की आवश्यकता होगी। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे और आपकी आर्थिक स्थिति भी पहले से बेहतर रहेगी।

कर्क- आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको कुछ नए व्यक्तियों से मेलजोल बढ़ाने का मौका मिलेगा। आप संतान की फरमाइश पर किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। आपके मन में नए-नए तरीकों से धन कमाने के विचार आएंगे, जिन्हें आप अपने बिजनेस में तुरंत लगायें। आपको किसी कानूनी मामले में लापरवाही नहीं करनी है। आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी।

सिंह- आज आपको अपने कामों में लापरवाही बिल्कुल नहीं करनी है। आपकी नौकरी में भी आपके कामों में कुछ गड़बड़ी हो सकती है। आपके कुछ गुप्त शत्रुओं आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आप यदि कोई लोन आदि लेने की योजना बना रहे थे, तो आप बिल्कुल ना लें, क्योंकि आपको कामों में कोई समस्या आएगी। आपके किसी पुराने रोग के उभरने की संभावना है, इसलिए यदि कोई समस्या छोटी हो, तो उस किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें। विद्यार्थियों को पढ़ाई के सिलसिले में कहीं बाहर जाना पड़ सकता है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बौझ से छुटकारा मिलेगा। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको गृहस्थ जीवन में भी चल रही समस्याओं से आपको निजात मिलेगी। आप किसी पार्ट टाइम कार्य को करने की योजना बना रहे थे, तो उसके लिए भी आप समय निकालने में कामयाब रहेंगे। आपको कोई सरकारी योजना का लाभ मिलेगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए किसी नई संपत्ति की खरीदारी के लिए रहेगा। वरिष्ठ सदस्यों की सलाह से आप परिवारिक मामलों को भी आसानी से दूर कर सकेंगे। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो वह आपको मिल सकती हैं। आप अपने बिजनेस में कुछ बदलाव करने के कारण यात्राएं भी अधिक करेंगे। आप अपनी सेहत पर पूरा फोकस बनाए रखें। विद्यार्थियों ने यदि किसी प्रतियोगिता में भाग लिया था, तो उसमें उन्हें जीत अवश्य मिलेगी। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। जीवनसाथी के लिए आप कोई ज्वेलरी आदि लेकर आ सकते हैं। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि कुछ खटपट चल रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगी। आप किसी को बिना मांगे सलाह ना दें। आपको अपने बिजनेस को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेनी होगी।

धनु- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आपको किसी नई नौकरी का ऑफर आ सकता है। परिवार का कोई सदस्य आपसे किसी बिजनेस को लेकर कोई टिप्स ले सकता है। आपका किसी नए वाहन की खरीदारी का सपना पूरा होगा। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें।

मकर- आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। कामकाज में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपको कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके दिए गए सुझावों का स्वागत होगा। आपके बॉस कामों को लेकर आपको कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं। आपको गलत तरीके से धन कमाने से बचना होगा। किसी प्रॉपर्टी में आप सोच समझकर इन्वेस्टमेंट करें। आप अपने कामों के प्रति सूझ बूझ दिखाएंगे।

कुंभ- आज का दिन आपको अपने कामों को समझदारी दिखाते हुए करने के लिए रहेगा। आप किसी वाद-विवाद की स्थिति में भी संयम रखें। आपके स्वभाव में कुछ चिड़चिड़ापन रहेगा। आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको कोई जरूरी जानकारी किसी बाहरी व्यक्ति के सामने उजागर नहीं करनी है। आपके परिवार में यदि कोई सदस्य आपसे नाराज चल रहा है, तो आप उसे मनाने की पूरी कोशिश करें।

मीन- आज का दिन आपके लिए थोड़ी टेंशन लेकर आने वाला है। आपको कोई शारीरिक समस्या होने से आपका मन परेशान रहेगा, लेकिन परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। किसी कानूनी मामले में भी आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आप अपने घर किसी नये इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं। आप किसी से मांगकर वाहन ना चलाएं। आप किसी दूसरे के मामले में ना बोलें। जीवनसाथी की ओर से आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

## सुखदर्शन के शिकायतकर्ता

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

यह कहानी उस समय की है जब मैं एक छोटे से गाँव में रहता था। गाँव का नाम था सुखदर्शन, लेकिन इसका नाम एकदम गलत था। वास्तव में, सुखदर्शन में कभी भी सुख का दर्शन नहीं होता था, बस एक ही चीज थी जो हर समय देखने को मिलती



थी—लोगों की शिकायतें। गाँव में हर एक व्यक्ति को शिकायत करने का एक अद्भुत कौशल था। मेरे पड़ोसी, रामू चाचा, ने तो शिकायत करने का एक संपूर्ण विज्ञान विकसित कर लिया था। उन्होंने मुझे बताया कि शिकायत करने के लिए एक सटीक विधि होनी चाहिए। पहले आपको किसी विषय का चयन करना होता है। फिर उस विषय पर चिंता और आक्रोश की गहरी भावना को जगाना होता है। और अंत में, आपको उस पर एक भव्य भाषण देना होता है, जैसे कि आप कोई महान नेता हों। रामू चाचा ने मुझसे कहा, बेटा, अगर तुम शिकायत करने में होशियार बनना चाहते हो, तो तुम्हें सबसे पहले अपने मन की गहराइयों में झाँकना होगा। मैंने सोचा, वाह, यह तो गहरा ज्ञान है। मैंने फैसला किया कि मैं भी शिकायत करने का नया शौक शुरू करूँगा। सबसे पहले, मैंने अपने रोजमर्रा की जिंदगी की छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान दिया। सुबह-सुबह चाय में चीनी कम होने पर मैंने कहा, यह चाय कितनी बुरी है! क्या मैं बगैर मिठास के जीवन जी सकता हूँ? फिर मैंने सोचा, यह तो कुछ भी नहीं है। मैंने गाँव के पानी के बारे में सोचना शुरू किया। पानी की गुणवत्ता पर एकदम विद्रोह की स्थिति थी। जब मैं अपने बर्तन में पानी भरता, तो वह एक सफेद चादर की तरह दिखाई देता था। मैंने सोचा, क्या मैं इस गंदे पानी को पी सकता हूँ? यह तो हमारी सेहत के लिए खतरा है! इसके बाद, मैंने अपने पड़ोसियों से शिकायत करना शुरू किया। मैंने सभी को बुलाया और कहा, सुनो, हम सभी को इस गंदे पानी के खिलाफ खड़ा होना होगा। सबने मेरी बात पर सहमति जताई, लेकिन कोई भी कुछ करने को तैयार नहीं था। सबने बस मेरी शिकायतों पर हंसते हुए कहा, अरे, तुम तो शिकायत करने में निपुण हो गए हो। गाँव के मुखिया, कन्हैया बाबू, ने भी मेरे विचारों को सुनकर मुँह चिढ़ाया। उन्होंने कहा, बेटा, शिकायत करने से कुछ नहीं होगा। हमें इसके खिलाफ काम करना होगा। लेकिन मैं जानता था कि यह सब एक मजाक था। गाँव में कोई भी काम करने का इच्छुक नहीं था; वे सब बस बैठे-बैठे बातें करते थे। एक दिन, मैंने सोचा कि मुझे गाँव के बगीचे की हालत पर भी कुछ कहना चाहिए। वहाँ पर जंगली घास इतनी ऊँची हो गई थी कि मुझे अपने घर से बाहर निकलने में दिक्कत होने लगी। मैंने गाँव वालों को बुलाकर कहा, देखिए, यह बगीचा कितना बुरा हाल है! क्या हम इसे सुधारने के लिए कुछ नहीं कर सकते? सभी ने फिर से मुझसे सहमति जताई, लेकिन कोई भी आगे नहीं आया। बस सबने कहा, हाँ, हाँ, तुम्हारी बात सही है। और फिर वे सब अपनी शिकायतों में उलझ गए। गाँव के मंदिर की हालत भी खराब थी। छत लटक रही थी, दीवारें गिरने को तैयार थीं, और भगवान को देखकर ऐसा लगता था कि वे भी यहाँ की स्थिति से थक गए हैं। मैंने फिर से गाँव वालों को इकट्ठा किया और कहा, क्या हम अपने भगवान के लिए इस मंदिर को ठीक नहीं कर सकते? हर किसी ने मेरी बात सुनी, और फिर से वही हंसमुख जवाब मिला। बिलकुल, तुम्हारी बात सही है। लेकिन कोई भी काम करने को आगे नहीं आया। तब मैंने सोचा, शायद मैं गलत सोच रहा हूँ। अगर मैं शिकायत करना जारी रखूँ, तो मुझे एक दिन यह सब ठीक करने के लिए कोई मिल जाएगा। इसलिए मैंने शिकायत करना शुरू कर दिया—हर एक चीज पर। मैंने शिकायत की कि गाँव में बिजली कभी सही से नहीं आती, सड़कें खस्ताहाल हैं, और बच्चे खेलने के लिए जगह नहीं पाते। कुछ दिनों बाद, मैं खुद को गाँव का सबसे बड़ा शिकायतकर्ता समझने लगा। लोग मुझसे डरने लगे थे क्योंकि मैं हर समय शिकायत करने में लगा रहता था। गाँव के बच्चे मेरे पीछे हँसते थे और कहते थे, वह आदमी हमेशा शिकायत करता है! लेकिन मुझे समझ में आया कि असल में शिकायत करना ही एक कला है। यह न केवल मेरे जीवन का हिस्सा बन गया था, बल्कि मुझे यह समझने में मदद मिली कि हम सबका एक समान गुण है—शिकायत करना। अंत में, मैंने शिकायत करने की अपनी कला को एक नया मोड़ दिया। मैंने सोचा, अगर मैं शिकायत नहीं करूँगा, तो मुझे तो खाली बैठे रहना पड़ेगा! इसलिए मैंने शिकायत करने के बजाय लोगों को जोड़ने और उनके साथ हंसने में अपना समय बिताना शुरू कर दिया। और इस तरह, मैंने अपने नए शौक को अपनाया—शिकायत करना। लेकिन इस बार, मैंने समझा कि असली मजा शिकायत करने में नहीं, बल्कि उस पर हंसने में है।

## विश्लेषण

# सपा के लिये खतरे की घंटी बनता जा रहा है अखिलेश का बड़बोलापन



अजय कुमार,लखनऊ

दिल्ली विधान सभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की और अयोध्या के मिल्कीपुर विधान सभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की हार के बाद उत्तर प्रदेश की सियासत का भी मिजाज बदलता जा रहा है। इस बदलते मिजाज से भारतीय जनता पार्टी की बल्ले-बल्ले नजर आ रही है,वहीं समाजवादी पार्टी के सामने फिर से यक्ष प्रश्न खड़ा हो गया है कि वह पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक(पीडीए) पर और कितना भरोसा करे।सपा प्रमुख को मिल्कीपुर की हार से तो झटका लगा ही है,लेकिन अखिलेश के लिये उससे भी ज्यादा सदमें वाली बात यह है कि मिल्कीपुर में पीडीए ही नहीं यादव बिरादरी वालों ने भी समाजवादी पार्टी से मुंह मोड़ लिया।यहां करीब 65 हजार यादव वोटर हैं। यादव वोटर से सपा से मुंह मोड़ने की वजह अखिलेश से अधिक अवधेश प्रसाद को बताया जाता हैं। मिल्कीपुर विधान सभा सीट कभी मित्रसेन यादव के वर्चस्व वाली सीट हुआ करती थी,लेकिन 2012 में इसे एससी सीट घोषित कर दिया गया था। तब से यहां का सियासी समीकरण बदल गया। यादव की जगह दलित नेता उभरने लगे। अवधेश प्रसाद भी इसी कड़ी का हिस्सा हैं। वह पासी समाज से आते हैं। इतना ही नहीं अवधेश प्रसाद ने मिल्कीपुर के यादव वोटरों को कभी तवज्जो नहीं दी। सपा के बड़े नेता मित्रसेन यादव और उनके पुत्र से भी अवधेश के रिश्ते बिगड़े हुए रहे। मिल्कीपुर की जीत बीजेपी के लिये आसान नहीं लग रही थी,लेकिन बीजेपी ने अपने राजनैतिक कौशल के जरिये आसान बना दिया। एक तो बीजेपी ने अवधेश के सामने उन्हीं की बिरादरी का नेता चन्द्रभानु पासवान को मैदान में उतार दिया। दूसरे बीजेपी जनता को यह मैसेज देने में भी सफल रही कि समाजवादी पार्टी पारिवारिक पार्टी है। इसलिये उसे सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे के अलावा कोई प्रत्याशी ही नहीं मिला,जबकि यहां समाजवादी पार्टी के कई कद्दावर नेता मौजूद थे।टिकट चाहने वालों की लिस्ट में कुछ यादव नेता भी शामिल थे,जिनको भी अखिलेश के फैसले से झटका लगा। इसके चलते यादव वोटर समाजवादी पार्टी को सबक सिखाने को आतुर हो गये। इसी लिये बीजेपी को शानदार जीत से कोई रोक नहीं पाया।नतीजे आने के बाद जनता के बीच मैसेज गया कि सपा का पीडीए वोट बैंक तार-तार हो गया है।

हालात यह हो गई की अखिलेश यादव को स्वयं आगे आकर अपने कार्यकताओं को कहना पड़ गया कि पार्टी पीडीए फामूर्ले से पीछे नहीं हटेगी। 2027 के यूपी विधान सभा चुनाव भी पीडीए के सहारे ही जीता जायेगा,लेकिन मिल्कीपुर से शर्मनाक हार के बाद समाजवादी पार्टी को अपना वोट बैंक बढ़ाने की भी चिंता सताने लगी है। सपा 2027 के विधान सभा चुनाव से पहले कुछ छोटे दलों के उन नेताओं को भी साथ जोड़ सकती है,जिनका अपनी बिरादरी पर अच्छी खासी पकड़ है। इसके साथ ही सपा प्रमुख ने यह भी



तय कर लिया है कि वह मुस्लिम वोट बैंक को मजबूत करने के लिये मुस्लिमों से जुड़े मुद्दों को संसद से लेकर सड़क तक उछालते रहेगें और जहां जरूरी होगा,वहां चुप्पी साधकर काम चला लेंगे।इस बात का अहसास अयोध्या में दो दलित बच्चियों के साथ हुए अपराध में समाजवादी पार्टी का अलग-अलग नजरिया देखने से साफ भी हो गया। पहली घटना में आरोपी मुस्लिम समाज से जुड़ा सपा नेता था तो पूरी पार्टी और अयोध्या के सपा सांसद अवधेश प्रसाद आरोपी को बचाते दिखे वहीं,वहीं दूसरी घटना में जब सपा को ऐसा कुछ नजर नहीं आया तो वह पीड़ित बच्ची के लिये सार्वजनिक मंच से घड़ियाली आंसू गिराने लगे,लेकिन सपा और उनके नेताओं का कोई भी पैंतरा काम नहीं आया। दलितो,पिछड़ों और यादवों ने पूरी तरह से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को ठेंगा दिखा दिया। सिर्फ मुसलमान ही उसके साथ खड़ा नजर आया। यानी मिल्कीपुर में अखिलेश के पीडीए पर बीजेपी का हिन्दुत्व को लेकर योगी का आक्रमक रवैया काफी भारी पड़ा। मिल्कीपुर का दर्द समाजवादी पार्टी प्रमुख भूल नहीं पा रहे थे तो दूसरी तरफ महाकुंभ में प्रतिदिन जुट रहे करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ अखिलेश की बेचैनी बढ़ा रही थी। महाकुंभ में जातिवाद की दीवारें तोड़कर एकजुट श्रद्धालु सनातन का गौरव बढ़ा रहे थे तो वहीं अखिलेश यादव महाकुंभ को बदनाम करने और लोगों को डराने में लगे थे। अखिलेश को लगता है कि योगी का हिन्दुत्व सपा के पीडीए पर भारी पड़ रहा है।इसी लिये अखिलेश महाकुंभ की व्यवस्था को अव्यस्था का जामा पहनाने में लगे हैं, ताकि लोग महाकुंभ आने से डरे। उसी समय मौनी अमावस्या पर भगदड़ में कुछ लोगों की मौत पर अखिलेश का सियासी प्रलाप और तेज हो गया। वह झूठ और प्रपंच के सहारे अपनी सियासत चमकाने के लिये बार-बार योगी सरकार पर आरोप लगा रहे थे कि सरकार मौत का आकड़ा छिपा रही है। ऐसे में लोग अखिलेश से सवाल करने लगे कि वह पहले 1990 में अयोध्या में कारसेवकों की मौत का आकड़ा बतायें,जब उनके पिता तत्कालीन मुलायम सिंह ने निहत्थे कारसेवकों पर गोली चलाकर सरयू को खून से लाल कर दिया था,लेकिन अखिलेश किसी सवाल का जबाव देने की राजनीति करते ही नहीं है। वह तो इस समय सिर्फ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पीछे पड़े हैं।इसी के चलते समाजवादी पार्टी को भविष्य में और भी बड़ा सियासी नुकसान उठाना पड़ जाये तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए।क्योंकि 20 फीसदी मुसलमान वोट पक्का करने के लिये अखिलेश लगातार 80 फीसदी हिन्दुओं को बदनाम और बांटने में लगे हैं,लेकिन इसमें वह फिलहाल तक संभल नहीं पाये हैं। भले ही 2024 के लोकसभा चुनाव में उनका परफारमेंस अच्छा रहा था,लेकिन उनको यह भी पता है कि 2024 के आम चुनाव में सपा को जो जीत मिली उसके पीछे उनका पराक्रम कम, भाजपा नेताओं की भीतरी कलह-कलेश ज्यादा जिम्मेदार थी। कुल मिलाकर अखिलेश की छवि बड़बोले नेता की बनती जा रही है। अखिलेश के साथ सबसे बड़ी समस्या यह नजर आ रही है कि वह जहां चुप रहकर अपनी पार्टी को भला कर सकते हैं,वहां भी जुबान से जहर उगलते रहते हैं।

एक नजर

## जब्त मादक पदार्थ नष्ट किया गया

**जगदलपुर, 17 फरवरी ।** पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ एवं छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय नया रायपुर के आदेशानुसार जिला सुकमा में जप्त किये गये मादक पदार्थो के नष्टीकरण करने हेतु पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के मार्ग दर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुंजे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक महेश्वरी, जिला आबकारी सुकमा दीपक कुमार ठाकुर के पर्यवेक्षण में जिला सुकमा क्षेत्रान्तर्गत पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 147 पंजीबद्ध प्रकरणों के नष्टीकरण करने हेतु पुलिस अधीक्षक के अध्यक्षता में जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति का गठन किया। प्रभावी पदार्थ (गांजा/टेबलेट/केप्सूल) का दिनांक 27.01.2025 से 04.02.2025 तक तथा दिनांक 08.02.2025 मादक पदार्थ (गांजा) को जिला बस्तर, जगदलपुर थाना नगरनार क्षेत्र के ग्राम नगरनार में स्थित राष्ट्रीय खनिज विकास निगम प्राईवेट लिमिटेड भस्मीकरण यंत्र द्वारा विधिवत् नष्टीकरण की कार्यवाही सम्पन्न किया गया। इस दौरान जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति के निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहे।

## महापौर अलका बाघमार के विजय जुलूस में सम्मिलित होंगे भाजपा के वरिष्ठ नेता:जिलाध्यक्ष कौशिक

**दुर्ग।** शहर के नवनिर्वाचित महापौर अलका बाघमार ऐतिहासिक जीत के पश्चात 17 फरवरी सोमवार को दोपहर 2 बजे से विजय जुलूस रैली शहर के मुख्य मार्ग से होकर निकाली जाएगी। आयोजित विजय जुलूस रैली में दुर्ग शहर के वरिष्ठ नेता सहित रैली मार्ग से गुजरने के दौरान वार्डों के विजयी पार्षद भी सम्मिलित रहेंगे। आयोजित विजय जुलुस रैली के बारे में जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि दुर्ग शहर की जनता ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं मोदी जी की गारंटी पर अपना भरोसा बरकरार रखते हुए दुर्ग शहर में भारतीय जनता पार्टी को महापौर में ऐतिहासिक लीड के साथ जीत दिलाई हैं वहीं पहली बार इतनी अधिक संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद चुनकर आए हैं। मैं दुर्ग की जनता जनार्दन का हृदय से आभार और साधुवाद ज्ञापित करता हूं। आयोजित होने वाली विजय जुलूस रैली दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय से दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी जो पुराना बस स्टैंड, इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कंपलेक्स, पोलसाय पारा, तकिया पारा, होटल मान चौक, कंकालिन मंदिर चौक, चंडी मंदिर चौक ,शिवपारा, गवली पारा, गांधी चौक ,जवाहर चौक से होते हुए भाजपा कार्यालय में जाकर संपन्न होंगी। आयोजित रैली में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में सम्मिलित रहेंगे।

## सुकमा और दोरनापाल में मतदान शांतिपूर्वक हुआ

**सुकमा ।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 के तहत आज जिले की नगरपालिका परिषद सुकमा और नगर पंचायत दोरनापाल के मतदाताओं ने उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया। मंगलवार को जिले के सभी नगरीय निकायों में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण के मार्गदर्शन में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निर्बाध रूप से संपन्न हुआ।नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत नगर पालिका परिषद सुकमा में 64.11 प्रतिशत यानी 8667 मतदाताओं ने वोट किया। इनमें 4 हज़ार 171 यानी 66.37 प्रतिशत पुरुष मतदाता और 4 हज़ार 446 यानी 68.01 प्रतिशत महिला मतदाता मतदान प्रक्रिया में शामिल हुए। स्थानीय निर्वाचन शाखा से प्राप्त मतदान के अंतिम आंकड़े के अनुसार नगर पंचायत दोरनापाल में 77.71 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## कांग्रेस महापौर प्रत्याशी की हार कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के कारण

**राजनांदगांव।** शहर की जन-जन की अवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक जारी बयान में यह कहा कि जिस तरह से राजनांदगांव शहर में निगम के महापौर प्रत्याशी सहित पार्षदों की जो करारी हार हुई है उसके पीछे राजनांदगांव नगर निगम में कांग्रेस की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख जी सहित जिन निर्वाचित कांग्रेस के पार्षदों की जो कांग्रेस पार्टी के संगठन के वरिष्ठ नेताओ और जमीनी ईमानदार कार्यकर्ताओ की जो अपेक्षा करके फूल छाप कांग्रेसीयो और भाजपा के ठेकेदारों और दलालो का जो वर्चस्व निगम में था उसको शहर की जनता आए दिन समाचार पत्रो में देख रही थी जबकी मेरे द्वारा सैकड़ो बार पत्रो और समाचार पत्रो के माध्यम् से निगम की महापौर की आँख खोलनी चाहि लेकिन प्रदेश में कांग्रेस पार्टी कि सत्ता का और प्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी और जिले के पूर्व प्रभारी मंत्री श्री मोहम्मद अकबर और अमरजीत भगत की नजदीकियों का जो अहंकार महापौर हेमा देशमुख को जो भरा हुआ था वह संगठन और शहर की आम जनता की तकलीफो को देखने की बजाय? अपनी मदमस्त हाथी की चाल में पूरी तरह व्यस्त होकर कंबल ओड़कर जो घी पीने का काम किया गया? उसका नतीजा शहर की जनता ने खुला जवाब कांग्रेस की महापौर हेमा देशमुख के सामने यह पेश कर दिया है और महापौर हेमा देशमुख ने पूरे निगम चुनाव के दौरान अपने 5 वर्ष की एक भी जनहित की उपलब्धित का प्रचार करने की हिम्मत नहीं दिखा पाई क्यों? इसलिए प्रदेश कांगेस के अध्ययक्ष सहित प्रदेश प्रभारी से मेरा अनुरोध है कि कांग्रेस पार्टी की जिस तरह से राजनांदगांव में जो इतनी बुरी गती हुई है उसके लिए सत्ता के अहंकार में रहने वाले नेताओ को बाहर का रास्ता दिखाते हुए तत्काल तमाम पदो से इन्हें मुक्त किया जाये और कांग्रेस के प्रति ईमानदारी से निष्ठा रखने वाले जमीनी नेताओ का चयन करना कांगेस के हित में होगा और यदि कांगेस पार्टी में फिर इन आधा सीसी नेताओ को यदि कांगेस संगठन की बागडौर सौंपा तो हो सकता है आने वाले समय में कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन जन्म तिथि और पूण्य तिथि में भी गिनती के रह सकते हैं? इसका चिंतन करते हुए विधानसभा, लोकसभा और नगर निगम के जो चुनाव में इतनी बड़ी करारी हार की यदि कोई जवाबदारी तय नहीं होगी ।तो आने वाले समय में यह फिर मोतीपुर के उस नेता के अखाड़े में कई नेता आपको नजर आएंगे ।

# ट्रिपल इंजन की सरकार में जगदलपुर होगा अब और भी विकसित:महेश कश्यप

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 17 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम आ चुके है। छत्तीसगढ़ के पूरे मेयर सीट पर भाजपा ने जीत हासिल की है। जगदलपुर नगर निगम में भाजपा ने महापौर सीट पर कब्जा कर लिया है। जगदलपुर नगर निगम के 48 में से 30 वार्डो में भाजपा पार्षद प्रत्याशियों ने विजय प्राप्त किया है।

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय में भाजपा को मिली बड़ी जीत पर बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने खुशी जाहिर की है। बस्तर सांसद ने कहा कि जनता के विश्वास और प्रदेश के विकास से नगरीय निकाय चुनाव में बीजेपी ने पूरे छत्तीसगढ़ में विजयश्री हासिल की है. हमारे हाईकमान, कार्यकर्ता, पार्टी पदाधिकारी पूरी मजबूत इच्छा शक्ति के साथ चुनाव में जुटे थे, जिसका सार्थक परिणाम भाजपा की प्रचंड जीत के रूप में सामने है।

श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व के माध्यम से महतारी वंदन योजना, किसानों को लेकर हितकारी फैसले, प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर जनता के बीच हम सफल हुए हैं, जिसका हमें लाभ लाभ मिला है। छत्तीसगढ़ के 10 मेयर सीट पर भाजपा को पूरे 10 सीट जीताकर जनता ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया है। यह परिणाम इस बात का साक्षात गवाह है कि छत्तीसगढ़ की जनता पिछले 5 साल के भ्र्ष्टाचार कार्यकाल से तंग आ चुकी थी।नगरीय निकाय के चुनावी मैदान में माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ ने जीत का परचम लहराया है। सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बस्तर सांसद ने शुभकामनाएं प्रेषित की बस्तर संभाग के अनेको क्षेत्रो में भाजपा को जनता ने आशीर्वाद दिया है। ट्रिपल इंजन की सरकार के माध्यम से अब और छत्तीसगढ़ विकसित होगा।

जगदलपुर के नवनिर्वाचित महापौर संजय पांडे के साथ हम जगदलपुर को अब और भी सशक्त बनाने की ओर मिलकर कार्य करेंगे।बस्तर संभाग के अनेको पदों पर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मैं अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। आशा करता हूँ की आप सभी के सहयोग से क्षेत्र को तरक्की एवम उन्नति की ओर ले जाने हेतु कार्य करेंगे।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी सहित राज्य के मुखिया श्री विष्णु देव साय व छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व विधायक श्री किरण देव जी सहित मंत्री श्री केदार कश्यप जी एवम संगठन के सभी पदाधिकारियों व नेताओ को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

# भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता पहले जिलाध्यक्ष जिनके कार्यकाल में भाजपा ने दंतेवाड़ा के पांचों निकायों में जीत हासिल की

## जिले की जनता का बहुत बहुत आभार :संतोष गुप्ता

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 17 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी ने नगरीय निकाय चुनाव के एक महीने पूर्व ही जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की दंतेवाड़ा में भाजपा जिलाध्यक्ष बनाकर संतोष गुप्ता को संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गयी 7 संतोष गुप्ता के कुशल नेतृत्व और पकरिपक्कता से जिले के पांचो निकायों में भाजपा ने प्रचंड जीत हासिल की 7 भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि निकाय चुनावों में इस शानदार जीत के साथ भाजपा सर्वतोमुखी विकास के साथ-साथ जन-जन के कल्याण के अपने संकल्पों को पूरा करके पूरे प्रदेश को अन्याय, आतंक, भ्रष्टाचार और छल-कपट के कांग्रेसी टूलकिट-एजेंडे से मुक्त प्रदेश बनाने का काम करेगी। भाजपा की जीत के लिए प्रदेश की जन-शक्ति का आभार मानते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेसी-दुराग्रह को जनता ने पूरी तरह खारिज कर दिया है।भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने नगरीय निकाय चुनाव के नतीजे को भाजपा के विश्वास के अनुरूप बताते हुए कहा कि कांग्रेस ने जिस दोहरे राजनीतिक चरित्र का प्रदर्शन करके प्रदेश के नगरीय निकायों को अराजकता की दिशा में धकेलने का षड्यंत्र रचा था, जनता ने उसका करारा जवाब कांग्रेस को दे दिया है और कांग्रेस की दुर्गति उसी का परिणाम है। भाजपा के विकास और सुशासन के प्रति अगाध समर्थन की प्रचंड आंधी में कांग्रेस एक बार फिर तिनके की तरह उड़ गई है। अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार और अधिक ताकत के साथ न केवल युवाओं, महिलाओं की प्रतिभा के अनुरूप उनके विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ाएगी, अपितु उनकी संभावनाओं के आकाश पर उनके सपनों को उड़ान भरने का पूरा मौका देगी। श्री गुप्ता ने कहा कि भाजपा की यह जीत जनता-जनार्दन के संकल्पों की जीत है। जनता ने भाजपा के अटल विश्वास पत्र पर जो भरोसा जताया है, भाजपा की सरकार विकास का विजन, जनकल्याणकारी नीति और सेवा व सुशासन की नीयत के साथ प्रदेश को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी। इसके लिए हमारी प्रतिबद्धता असंदिग्ध है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित

**सुकमा,17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के मतदान के दिन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। मतदान 17 फरवरी 2025 दिन सोमवार और 20 फरवरी 2025 दिन गुरुवार को सुकमा जिले के निर्वाचन क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा। इन दिनों सभी सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य सार्वजनिक सेवाओं में अवकाश रहेगा।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, 23 फरवरी 2025 दिन रविवार को भी मतदान होना है, लेकिन यह दिन पहले से ही शासकीय अवकाश के रूप में निर्धारित है।इसलिए इस दिन अलग से सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की आवश्यकता नहीं है।

# चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आये जनादेश शिरोधार्य:दीपक बैज

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 17 फरवरी।** संभाग मुख्यालय राजीव भवन में प्रेसवार्ता का आयोजन किया जिसे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दीपक बैज ने संबोधित किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज ने कहा भारतीय जनता पार्टी नगरी निकाय चुनाव के पहले से ही सत्ता का दुरुपयोग कर रही थी। पहले चुनाव को टालने की कोशिश हुई, फिर चुनावो की तारीखो को आगे बढ़ाया गया। पहले घोषित किया गया चुनाव बैलेट पेपर से होगा, बाद में निर्णय हुआ मतदान ईवीएम से कराया जायेगा।ईवीएम से मतदान निश्चित किया गया तो अध्यक्ष और पार्षदों के मशीनो को एक साथ जोड़ा गया। उसमें वीवीपैड की व्यवस्था नहीं किया गया। जबकि ईवीएम के मामले सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि वीवीपैड जोड़ा जाना चाहिये। प्रदेश में मतदान के दौरान 100 से अधिक स्थानों पर ईवीएम बंद होने, खराब होने की शिकायते आई किसी प्रकार मतदान संपन्न हुआ।भाजपा ने चुनाव में सत्ताबल, धनबल का दुरुपयोग किया। जनता को प्रभावित करने शराब बांटे गये। प्रलोभन के लिए सामग्रियां बांटी गयी। पुलिस का प्रशासन का दुरूपयोग करके कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया गया। जबरिया थानों में बंद रखा गया।भाजपा ने इस जीत के लिये तमाम तरीके के अलोकतांत्रिक हथकंडे अपनाये। इसके बावजूद हमारे कार्यकर्ता चुनाव में डटे रहे। जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष करते रहे। इन नतीजों से हम निराश जरूर है, लेकिन हताश नहीं है। प्रमुख विपक्षी दल के रूप में हम जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष करते रहेंगे। भाजपा सरकार के कुशासन के खिलाफ हमारी लड़ाई और तेज होगी।इस नतीजे से भाजपा की साय सरकार के जनविरोधी कार्यो की माफी नहीं हो जाती है। पिछले 1 वर्ष में भाजपा सरकार ने जो वादा खिलाफी भ्रष्टाचार किया है। बिगड़ती कानून व्यवस्था जैसे विषयों पर सरकार कल भी कटघरे में खड़ी थी, आज भी खड़ी है।मोदी की गारंटी के अधूरे कामो के समान अटल विश्वास पत्र के मुद्दे कागजो में दम न तोड़े कांग्रेस विपक्ष के रूप में सरकार को सचेत करती रहेगी।इस प्रेसवार्ता के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद, रशीद खान, रंजीत बख्शी, रविशंकर तिवारी,जावेद खान असीम सुता,शादाब अहमद, उस्मान रजा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कलेक्टर शर्मा ने किया एनएमएमएसई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**बेमेतरा, 17 फरवरी ।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बेमेतरा, रणबीर शर्मा ने आज शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में आयोजित एनएमएमएसई (नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा) 2024-25 का निरीक्षण किया। कक्षा आठवीं के लिए आयोजित इस परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 10ः00 बजे से 11ः30 बजे तक संचालित हुई, जिसमें कुल 1119 पंजीकृत छात्रों में से 1074 छात्र उपस्थित रहे और 45 छात्र अनुपस्थित रहे, जिससे कुल उपस्थिति 95त्न से अधिक दर्ज की गई।निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष संतराम साहू, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, डीएमसी नरेन्द्र वर्मा, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, पर्यवेक्षक शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने केंद्र की व्यवस्था और परीक्षा संचालन की सुचारूता की सराहना की।

द्वितीय पाली दोपहर 1ः00 बजे से 2ः30 बजे तक आयोजित की गई, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने बेरला विकासखंड के दो परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। शासकीय महाविद्यालय बेरला में कुल 502 पंजीकृत छात्रों में से 484 छात्र उपस्थित रहे, जबकि 18 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार, शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल बेरला में कुल 240 छात्रों में से 233 छात्र उपस्थित रहे, और 07 अनुपस्थित रहे, जिससे इस केंद्र पर 96त्न से अधिक उपस्थिति दर्ज की गई।निरीक्षण के दौरान कन्या शाला की प्राचार्या पूर्णिमा दास, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, बीआरसीसी बेरला खोमलाल साहू, एबीईओ बेरला श्री ठाकुर एवं उईके सर सहित अन्य पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सारंगढ़ गोलीकांड मुख्य आरोपी गिरफ्तार ,छापे के दौरान अवैध हथियार व शराब बरामद

**सारंगढ़, 17 फरवरी।** सारंगढ़ गोलीकांड के मुख्य फरार आरोपी कृष्णा सिंह राजपूत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की तलाश में पुलिस ने व्यापक छापेमारी की। इस दौरान सारंगढ़.बिलाईगढ़ पुलिस ने अवैध गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया और भारी मात्रा में अवैध हथियार एवं शराब बरामद की।

अवैध हथियार और शराब की बरामदगी-16 फरवरी को थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ के अपराध क्रमांक 75ध्25 के तहत दर्ज धारा 296ए 191:2ए 191;3ए 190ए 109ए 103;1ाजपूत की तलाश में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कई टीमों का गठन किया गया था।इस कार्रवाई के दौरान आरोपी के साथियों के ठिकानों पर छापेमारी की गई। थाना कोसीर पुलिस ने प्रशांत भारद्वाज उर्फ चिंकी ;28 वर्ष और जनार्दन टंडन ;40 वर्षद्धए दोनों निवासी सिंहनपुर के घर दबिश दी। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से अवैध हथियार बरामद हुए। इस पर थाना कोसीर में अपराध क्रमांक 58:25 धारा 25ः 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

**कच्ची शराब की बरामदगी**-इसी क्रम में आरोपी कृष्णा सिंह राजपूत की तलाश के दौरान पुलिस ने उसके अन्य साथी दिलीप यादव उर्फ गब्बर ;24 वर्षद्धए निवासी सिंहनपुर के घर छापा मारा। यहां से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 56ध्25 धारा 34;2द्धए 59;कद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई।इसके अलावाए कृष्णा सिंह राजपूत की पत्नी के भतीजे चमन लहरे ;23 वर्षद्ध के घर छापेमारी के दौरान 50 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। इस पर थाना कोसीर में अपराध क्रमांक 57ध्25 धारा 34;2द्धए 59;कद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी चमन लहरे को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। अपराधियों का पूर्व रिकॉर्डः-गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उनकी पूरी आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच कर रही है और मुख्य आरोपी कृष्णा सिंह राजपूत की तलाश में लगातार प्रयास कर रही है।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपराध और अवैध गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# राष्ट्रीय सह-साधन प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले के 5185 छात्र हुए शामिल

**कांकेर 17 फरवरी ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सह-साधन प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले से रिकार्ड 5185 छात्रो ने परीक्षा में शामिल हुए। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देश पर जिले में अध्ययनरत कक्षा 8वीं के छात्रों से परीक्षा फार्म भरवाया गया था। तथा इन छात्रों को माह अगस्त 2024 से ही परीक्षा की तैयारी कराई जा रही थी , इसके लिए जिला प्रशासन ने प्रारंभ से ही प्रधानाध्यापकों की बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया था । प्रशिक्षण में एनएमएमएसई परीक्षा के गाईडलाईन की जानकारी दी गई। जिसके अनुसार जिले में अध्ययनरत एवं आहार्ताधारी कुल 5225 छात्र पंजीकृत हुए जिनमें से 5185 बच्चों ने परीक्षा दिए। केवल 40 छात्र अनुपस्थित रहे । छात्रवृत्ति परीक्षा हेतु छात्रों की संख्या को ध्यान में रखते हुए जिले में कुल 15 परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। विकासखंड अंतागढ़ में पंजीकृत 502 एवं उपस्थित 496, भानुप्रतापपुर 690 पंजीकृत उपस्थित 681, चारामा में पंजीकृत 919 एवं उपस्थित 913, दुर्गुकोंदल में पंजीकृत 676 एवं उपस्थित 674, कांकेर 745 पंजीकृत एवं 732, कोयलीबेडा पंजीकृत 793 उपस्थित 793, नरहरपुर पंजीकृत 900 उपस्थित 896 विद्यार्थी रहे।एनएमएमएसई परीक्षा हेतु केवल वही छात्र भाग ले सकता है जो शासकीय विद्यालय में पढाई कर रहा हो तथा जिसके पालक की आय 2.50 लाख से अधिक ना हो। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक अगामी 4 वर्षो तक प्रति माह 1 हजार रूपये छात्रवृत्ति प्राप्त होता है अर्थात एक वर्ष में 12 हजार तथा 4 वर्ष में 48 हजार का लाभ प्राप्त होता है। विगत 2023 में जिले से 135 छात्र व 2024 में 526 छात्र उत्तीर्ण हुए है। छात्रवृत्ति प्राप्त होने से यह बच्चे अगामी वर्षों में हायर सेकंडरी तक अपने पढ़ाई का खर्च भी वहन हो जाता है साथ ही उन्हे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु सहयोग भी प्राप्त हो जाता है।यह परीक्षा भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जाता है जिसे पूर्व में एससीईआरटी परीक्षा आयोजित करती थी किन्तु इस सत्र से माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने सत्र प्रारंभ होने के साथ ही प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित कर बच्चों को ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा की जानकारी देने तथा सम्पूर्ण साल भर प्रैक्टिस करने के निर्देश दिये थे । इसके लिए विगत दस वर्षो के प्रश्न पत्र विद्यालयों को उपलब्ध कराया गया है और जिला स्तर से प्रश्न पत्र व ओएमआर सेट प्रेषित कर 8 से 10 बार मॉक टेस्ट आयोजित कर प्रैक्टिस कराई गई है नियमित मूल्यांकन किया गया। समय समय पर बैठक विकासखंड स्तर पर आयोजित किया गया साथ ही कमजोर छात्रों का चिन्हांकन कर उन्हे परीक्षा हेतु तैयार किया गया। छोटी छोटी गलतीयों पर ध्यान देते हुए छात्रों को अभ्यस्त किया गया है। नियमित मानिटरिंग एवं सुपरविजन कर अपेक्षित परीणाम लाने का प्रयास विभाग द्वारा किया ।

# बटालियन करैमारका ने स्थानीय ग्रामीण जन को उनकी जरूरत की सामग्री वितरित की



**बीजापुर,17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 214वीं वाहिनी के.रि.पु.बल दुगौली, कैम्प द्वारा श्री के.डी. जोशी, कमाण्डेन्ट के मागदर्शन में जनकल्याणकारी योजना 2024-25 (सिविक एक्शन प्रोगाम) के तहत रविवार को सी/214 समवाय करैमारका में सिविक एक्शन प्रोगाम व एफ/214 समवाय मटवाड़ा में फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। दोनों कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।सी/214 बटालियन में हुए फ्री मेडिकल कैम्प में ग्रामीणों को निःशुल्क दवाई का वितरण किया व डॉ0 स्रोत गुप्ता, मुख्यचिकित्साधिकारी (ओ0जी0) द्वारा उनका परीक्षण किया गया साथ ही स्वस्थ रहने के लिए टिप्स भी दिये गये।एफ/214 बटालियन करैमारका द्वारा स्थानीय ग्रामीण जन को उनकी जरूरत के अनुसार साईकिल, वाटरटैंक, कम्बल, बर्तन, स्कूल बैग, शिक्षा सामग्री, सोलर लालटेन, चप्पल, यूनीफार्म, किकेट किट बैग, वॉलीबाल एवं फुटबाल इत्यादि सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर श्री के.डी. जोशी, कमाण्डेन्ट, श्री विवेक कुमार, द्वितीय कमान अधि0, डॉ0 स्रोत गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (ओ0 जी0), श्री कमल सिंह नेगी, उप कमाण्डेन्ट, श्री प्रहलाद रजक, सहा. कमाण्डेन्ट सी/214, निरीक्षक/जीटी कमल प्रकाश वर्मा एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति एवं कई गाँवों के सरपंच उपस्थित थे।श्री के. डी. जोशी, कमाण्डेन्ट द्वारा सभी को के0रि0 पु0 बल द्वारा कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में बताया व जनता से अपील की कि सभी भविष्य में भी बढ़-चढ़ कर अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लें।214 बटालियन द्वारा हाल ही में तिरंगा रैली, किकेट मैच, फुटबाल मैच, वॉलीबाल मैच, एक पेड़ माँ के नाम व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया। उपरोक्त कार्यकम में ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त की एवं 214 बटालियन का आभार व्यक्त किया।

# बस्तर सांसद महेश कश्यप ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कलचा स्थित पूर्व माध्यमिक शाला में मतदान किया




**बीजापुर,17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप जी ने आज कलचा ( कुम्हरावंड) स्थित पूर्व माध्यमिक शाला , बूथ संख्या- 22 में पहुंचकर अपना बहुमूल्य वोट दिया है। बस्तर सांसद ने आम मतदाताओं की तरह कतार में खड़े हो कर क्रमबद्ध तरीके से मतदान किया है।इस दौरान उन्होंने जनता और मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि पहले मतदान करें उसके बाद जलपान,ताकि शतप्रतिशत मतदान हो सके और समाज के साथ-साथ देश का भी विकास हो सके।बस्तर सांसद ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि मतदाता निर्भीक हो कर अपने मतदान केंद्र पर पहुँचकर अवश्य मतदान करे बस्तर सांसद ने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अवश्य वोट करे।

## बच्चों के बीच आकर्षण का केन्द्र बने मोंगली और बघीरा

**गरियाबंद ।** राजिम कुंभ मेला में पहुंचने वाले लोगों के लिए मनोरंजन के भरपूर साधन है। नए मेला मैदान में लगे मीना बाजार के साथ साथ मेले में विभिन्न प्रकार के झूले और मनोरंजन के कई साधन हैं। वहीं नदी पर श्री कुलेश्वर महादेव मंदिर के पास मनोरंजन के लिए दो झांकी लगी हुई है। जिसमें एक जगत मोहिनी और कौरव नगर तथा दूसरा मोगली द जंगल बुक बनाया गया है। जगत मोहिनी झांकी के संचालक संतोष तिवारी ने बताया कि विगत 15 वर्षों से झांकी लगा रहे हैं। वहीं दूसरे झांकी के संचालक प्रकाश वैष्णव द्वारा पहली बार झांकी लगाया गया है।मोगली द जंगल बुक में मोगली और बघीरा की कथा पर आधारित प्रदर्शनी बच्चों के बीच मेले का मुख्य आकर्षण बना हुआ है। प्रदर्शनी के मुख्य द्वार पर मोंगली और बघिरा की चलित झांकी बच्चों को अपनी ओर आकार्षित कर रहा है। प्रदर्शनी के संचालक ने बताया कि टीवी में आने वाले कार्यक्रम मोंगली को देखकर हमने खास बच्चों के लिए इस प्रदर्शनी का आयोजन किया है। यहां आने वाले बच्चे ही नहीं बल्कि बड़े लोग भी प्रदर्शनी का आनंद उठा रहे हैं। प्रदर्शनी में बच्चों के अलावा बड़ों की भी काफी भीड़ देखी गई।

## एक नजर

### पांच प्रकरणों में 20 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद, 17 फरवरी।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के पांच प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये कुल 20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजिम तहसील के ग्राम कोपरा निवासी 33 वर्षीय उर्वशी साहू की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन वेदव्यास साहू को 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार फिंगेश्वर तहसील के ग्राम भसेरा निवासी 34 वर्षीय लता साहू एवं 14 वर्षीय ऐश्वर्या साहू की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम परिजन कृष्णा साहू को प्रत्येक प्रकरण में 4-4 लाख रूपये, छुरा तहसील के ग्राम मुड़ागांव निवासी 17 वर्षीय डमेश्वर यादव का तालाब में गिरकर डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन गीता यादव 4 लाख रूपये तथा फिंगेश्वर तहसील के ग्राम रजकट्टी निवासी 49 वर्षीय लता बाई विश्वकर्मा की आग से जलने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम परिजन योगेन्द्र कुमार विश्वकर्मा को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### दो पालियों में आयोजित हुई जिले में एनएमएमएस की परीक्षा



**रायगढ़, 17 फरवरी ।** भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा विभाग और साक्षरता विभाग, नई दिल्ली द्वारा प्रतिवर्ष शासकीय, शासकीय अनुदान प्राप्त और स्थानीय निकाय के द्वारा संचालित शालाओं में कक्षा आठवीं में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया जाता है। उक्त परीक्षा के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों जिनके पालकों की वार्षिक आय समस्त स्त्रोतों से तीन लाख पचास हजार से कम हो के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर उक्त छात्रवृत्ति कक्षा 09 से 12 वीं तक प्रतिमाह रु 1000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसके लिए विद्यार्थियों को शासकीय शाला, शासकीय अनुदान प्राप्त एवं स्थानीय निकाय विद्यालय के कक्षा आठवीं में अध्यनरत विद्यार्थी जो वर्तमान सत्र में अध्यनरत है, उनको इस परीक्षा में बैठने की पात्रता होती है। इस वर्ष उक्त परीक्षा का आयोजन छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित किया गया है। ज्ञात हो इस परीक्षा में छत्तीसगढ़ राज्य को कुल 2246 कोटा आबंटित है। रायगढ़ जिले के अंतर्गत कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के निर्देश एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. केवी राव के मार्गदर्शन पर जिले में संचालित शालाओं में पात्र 2640 आवेदन भराया गया तथा उनका पंजीयन कराया गया था। परीक्षा का मुख्य एवं नोडल केंद्र शासकीय जूटमिल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायगढ़ को बनाया गया। जिसके लिए केंद्र प्रभारी प्राचार्य श्री संतोष चंद्रा को बनाया गया था। उक्त परीक्षा के लिए छात्रों का पंजीयन अधिक होने के कारण छात्रों की सुविधा को ध्यान रखते हुए रायगढ़ जिले के अंतर्गत दो मुख्य केंद्र जूटमिल स्कूल, रायगढ़ और बालक शाला पुसौर बनाया गया था। साथ ही सभी विकासखंडों में 10 उपकेंद्र कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। 15 फरवरी 2025 को उक्त परीक्षा दो पालियों में प्रातः 10 से 11.30 बजे और अपराह्न 01 से 02.30 तक आयोजित की गई। जिला नोडल श्री भुवनेश्वर पटेल, एपीसीए समग्र शिक्षा रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त दोनों पालियों में पंजीकृत 2640 विद्यार्थियों में से 2491 विद्यार्थी उपस्थित रहे एवं 149 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संचालित हुई। प्रत्येक केंद्र के लिए एक अतिरिक्त ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई थी साथ ही सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा केंद्र का सघन निरीक्षण किया गया।

### मतगणना में मिले एक बराबर वोट तो पर्ची से हुआ फैसला,मधुसूदन जीते

**कोरबा, 17 फरवरी।** कोरबा नगर निकाय चुनाव में इस बार कई अजब-गजब मामले देखने को मिले, खासकर नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में, जहां गठन के बाद हुए पहले चुनाव में प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली. वार्ड क्रमांक 15, कुदरीपारा में तो मुकाबला इतना रोमांचक रहा कि टाई होने के बाद पर्ची निकालकर जीत का फैसला किया गया. बता दें, कि यहां कांग्रेस प्रत्याशी मधुसूदन दास और कांग्रेस से ही टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे साबिर अंसारी के बीच सीधा मुकाबला था. दोनों ही प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी थी. मतगणना के दौरान हर राउंड में दोनों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली. आखिरकार, जब सभी मतों की गिनती पूरी हुई तो परिणाम चौंकाने वाला था. मधुसूदन दास और साबिर अंसारी दोनों को ही 258-258 वोट मिले. यानी मुकाबला टाई हो गया

**मतगणना केंद्र पर छा गया सन्नाटा**-आपको बता दें, कि इस अप्रत्याशित परिणाम से मतगणना केंद्र पर सन्नाटा छा गया. दोनों प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की धड़कनें थम गईं. हर कोई यह जानने को उत्सुक था कि अब जीत का फैसला कैसे होगा. लेकिन आपको बता दें, कि ऐसी स्थिति में टाई ब्रेकर का इस्तेमाल किया जाता है. ऐसे में यहां भी पर्ची निकालकर विजेता का निर्धारण करने का फैसला लिया गया. दोनों प्रत्याशियों के नाम की पर्ची डाली गई और वहां मौजूद तीसरे व्यक्ति को पर्ची निकालने के लिए बुलाया गया. जैसे ही पर्ची निकाली, सबकी निगाहें उस पर टिक गईं. पर्ची में मधुसूदन दास का नाम लिखा था.

**मधुसूदन के समर्थकों में खुशी की लहर**-बता दें, कि इस घोषणा के साथ ही मधुसूदन दास के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई. उन्होंने मधुसूदन दास को बधाई दी और नारे लगाए. वहीं, साबिर अंसारी के समर्थक निराश हो गए. इस तरह मधुसूदन दास ने कड़े मुकाबले के बाद अपनी पहली चुनावी जीत दर्ज की और वे नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के वार्ड 15 से पहले निर्वाचित पार्षद बने. यह जीत उन्हें हमेशा याद रहेगी, क्योंकि उन्हें किस्मत का भी साथ मिला.

# जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-5 से शिवांगी अभिषेक चतुर्वेदी को अपार जनसमर्थन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 17 फरवरी।** पांडुका जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 से शिवांगी अभिषेक चतुर्वेदी इन दिनों काफी सुर्खियों में हैं आपको बता दें कि जब से नामांकन की प्रक्रिया आरंभ हुआ है तब से लेकर अभी के समय में उनके साथ अच्छी खासी भीड़ साथ चलते देखने को मिल रही है जहां भी जन संपर्क में जा रहे हैं लोगों की लंबी फौज देखने को मिल रहे है लोगों के रुझानों को देखते हुए अपनी जीत सुनिश्चित मान रही है कार्यकर्ताओं में एक नए उमंग देखने को मिल रहे है शिवांगी अभिषेक चतुर्वेदी पढ़ें लिखे एवं सरल स्वभाव के चलते लोगो को भा रहें हैं आपको बता दें पांडुका अंचल के अतरमरा गांव की चतुर्वेदी परिवार की बहू इस बार जिला पंचायत चुनावी मैदान में है भाजपा प्रत्याशी शिवांगी चतुर्वेदी ने बताया कि क्षेत्र के विकास केवल और केवल भाजपाई कर सकती है। भाजपा के सत्ता में आने के बाद से 2003 से लेकर अब तक केवल भाजपा ही विकास कार्य किया है देखा जाए तो लाखों विकास कार्य है जिसकी गिनती नहीं किया जा सकता प्रदेश में और देश में भाजपा की सरकार है ऐसे में गैर राजनीतिक पार्टी क्षेत्र के विकास नहीं कर सकता तो भाजपा ही एकमात्र विकल्प है विकास के लिए वर्षों से हमारा सपना है की क्षेत्र का विकास कैसे हो इसके लिए विधायक सांसद सहित मंत्री और मुख्यमंत्री सदैव तत्पर रहे हैं सबका साथ-साथ का विकास का अनमोल मंत्र को साकार करने का समय है ।और ये बाते क्षेत्र के हमारे मतदाता भाई ,बहन अच्छे से जानते हैं। विकास का दूसरा नाम केवल भाजपा सरकार है इसलिए भाजपा सरकार ही क्षेत्र का विकास करेगा यही कटु सत्य है बाकी कोई कितना भी प्रचार प्रसार कर ले यहां केवल भाजपा का परचम लहराएगा।

# राजिम कुंभ कल्प में सजेगा पंडोखर सरकार का दिव्य दरबार , 21 से 25 फरवरी तक भक्तों की समस्याओं का करेंगे समाधान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 17 फरवरी ।** राजिम कुंभ कल्प मेला में 21 फरवरी से विराट संत-समागम का उद्घाटन होगा। संत समागम स्थल पर साधु-संतों, महामंडलेश्वरों, आचार्य महात्माओं के लिए विशाल डोम, स्विस कॉटेज, कुटिया तथा यज्ञ शाला का निर्माण किया गया है, जिसमें संत महात्माओं द्वारा विभिन्न प्रकार के यज्ञ अनुष्ठान को पूरी वैदिक रीतियों के साथ सम्पन्न कराया जाएगा।

संत समागम परिसर में इस बार गुरुशरण महाराज ''पंडोखर सरकार'' का दिव्य दरबार भी लगेगा। बताया गया कि महाराज जी का 21 से 25 फरवरी तक दिव्य दरबार लगेगा। जिसमें महाराज जी कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की विभिन्न दैहिक, दैविक एवं भौतिक समस्याओं का अचूक समाधान करेंगे। बता दें कि महाराज जी काफी लंबे समय अंतराल के बाद इस बार राजिम कुंभ में पधार रहें है। पंडोखर धाम एवं श्री गुरुशरण महाराज के प्रति भक्तों की गहरी आस्था है। महाराज जी के आगमन को लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# वकीलों का डेलीगेशन डॉ. रमन सिंह से मिला

**राजनांदगांव,17 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के नगरीय निकाय चुनाव के लिये जिले में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले जिला भाजपा विधि प्रकोष्ठ का एक प्रतिनिधि मंडल शहर प्रवास पर आये पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिलकर पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर बधाईयॉ दी। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शहर के अधिवक्ता विकास तिवारी कर रहे थे।

जिला भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री विकास तिवारी ने प्रतिनिधिमंडल के साथ डॉ. रमन सिंह से विधिक क्षेत्र में पार्टी द्वारा किये गये कार्यो को विस्तारपूर्वक बताया व कहा कि पार्टी प्रत्याशियों के नामांकन से लेकर उनकी जांच व बाद में चुनाव आयोग से आ रही शिकायतों के निराकरण में विधि प्रकोष्ठ ने अच्छी भूमिका का निर्वाह किया व हर समय पार्टी के चुनाव कार्यालय में विधि प्रकोष्ठ के लोग मौजूद रहे। डॉ. रमन सिंह ने विधि प्रकोष्ठों के कार्यों की प्रशंसा करते हुये कहा कि युवा वकीलों का एक दल चुनाव अभियान में हमेशा पार्टी के साथ रहा और चुनावी समस्याओं का बखूबी निराकरण भी किया। डॉ. रमन सिंह ने प्रतिनिधि मंडल उपस्थित सभी सदस्यों को उनके कार्यो के लिये आभार माना। इस दौरान प्रमुख रूप से विकास तिवारी, सुधांशु जोशी, सुकलाल धारगावे, संतोष रजक, वैभव शुक्ला, शैलेन्द्र नागवंशी सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित थें।

# वर्षों से आस्था का प्रतीक रहे, बावनकेरा का उर्स पाक आज से

**महासमुंद,17 फरवरी।** हिन्दू मुस्लिम एकता का मिशाला पेश करने वाले बावनकेरा स्थित हजरत मौलाना सैय्यद मोहम्मद जाकीर शाह कादरी का 67वां उर्स पाक आज से प्रारंभ होगा । दो दिवसीय इस उर्स के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा एवं प्रदेश सहित देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का आगमन होगा । आयोजन समिति द्वारा समस्त तैयारियां कर ली गई है । पूरा गांव सहित मजार शरीफ दुधिया रोशनी से जगमगा रहा है ।67वें उर्स के अवसर पर हजारों लाखों श्रद्धालु पहुंच कर बाबा के चौखट में मुरादें मांगे ऐसी मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु अपनी मुरादे मांगते हैं हजरत जाकीर शाह कादरी उनकी इच्छायें पूर्ण करते हैं यही वजह है कि उर्स के अवसर पर श्रद्धालुओं का आगमन सभी क्षेत्रों से होता है एवं सभी समुदाय के लोग पहुंचते हैं । हिन्दू मुस्लिम एकता का मिशाल पेश करने वाला बावनकेरा सदैव एक दूसरे का सम्मान करते हुये सभी पर्वो को बड़े धूमधाम से मनाते हैं । उर्स कमेटी अध्यक्ष गुलजार खान, सचिव जलील खान, तामीर कमेटी सदर गुलाम फरीद स्थानीय निवासी बसंत सिन्हा, द्रोण चंद्राकर ने बताया कि हजरत जाकीर शाह कादरी वर्षों पहले आकर बावनकेरा में बस गये और वे हिन्दुओं से अत्यधित स्नेह करते थे ।उन्होंने अपना जन्म दिन में हिन्दुओं को समर्पित किया यही वजह है कि प्रत्येक वर्ष हिन्दू तिथि फाल्गुन कृष्ण पक्ष 06 को चाहे तारीख जो भी पड़े को उर्स मनाया जाता है यही कारण है उर्स का सभी को इंतजार होता है । झलप, पिथौरा, बसना, सरायपाली, बागबाहरा, महासमुंद सहित पूरे प्रदेश के लोगों का परिवारों के जोड़ों का निकाह (विवाह) संपन्न होगा और आम लंगर के बाद नमाज इशा ओलमाए के राम की तकरीर होगी ।

इस अवसर पर आशिक हुसैन चिश्ती बंगाल, मोहम्मद अली फारुकी कांजी ए शहर रायपुर मो. सुल्तान अहमद कादरी रायपुर, दिलदार अहमद अशरफी रायपुर शायरे इस्लाम याकूब कैसर की प्रस्तुति होगी । साथ ही मोहम्मद तारीक अवसर बावनकेरा, बसीर अहमद बावनकेरा, बसीम अख्तर नागपुरी की सुमधुर आवाज गुंजेगी । सफल आयोजन के लिये मो. शकील, शाकीर, करीम खान, रहीम खान, ईस्माईल, असलम, अकबर, पूर्व सरपंच द्रोण चंद्राकर, बसन्त सिन्हा, गणेश राम सेन, जीत कुमार, ब्यास चंद्राकर, फिरतू, नारायण साहू सहित समस्त ग्रामवासी जुटे हुये हैं । उक्त जानकारी मो. सलीम अशरफी ने देते हुये उर्स में पहुंचने की

## नई परिषद से अपेक्षा शहर विकास को गति देने की दिशा में करे कार्य: राशि महिलांग



महासमुंद। पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष निखिलकान्त साहू और शहर के सभी वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षदों को जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि जैसे जीवन मे उतार-चढ़ाव, सुख-दुख तय है वैसे ही चुनाव में हार-जीत होना भी तय है। शहर की जनता से महिलांग परिवार को शुरू से प्यार और अपनापन मिला है जिससे महिलांग परिवार को हमेशा संबल मिला है। इसी संबल सहयोग के भरोसे महिलांग परिवार शहर विकास को गति देने में सफल हो पाया। श्रीमती महिलांग ने कहा कि वे पद में रहे या न रहें उनका हमेशा शहर विकास के लिए पूर्ण योगदान रहेगा। नई परिषद स्वच्छ,सुंदर और सुरक्षित पालिका और विकसित महासमुंद बनाने की दिशा में मिलकर कार्य करेंगे यही उनकी अपेक्षा है।







**बीजापुर, 17 फरवरी।** अंदरुनी क्षेत्रों में मतदान के लिए दिखा उत्साह। पुसनार मतदान केंद्र में नवीन मतदाता स्वेता झाड़ी और मंजू गायता ने पहली बार किया मतदान और सशक्त एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों से की अपील।

# सनातन धर्म महासभा की दुर्ग शहर अध्यक्ष अल्का बाघमार महापौर चुनाव जीतने के बाद सनातन धर्म महासभा के वरिष्ठ लोगों का आशीर्वाद लिया

**राजनांदगांव, 17 फरवरी।** सनातनधर्म महासभा की पदाधिकारी को छ.ग. में भारतीय जनता पार्टी में सनातन धर्म की दुर्ग शहर की अध्यक्ष श्रीमति अल्का बाघमार को महापौर पद हेतु टिकिट दी थी। जिसमें वह 68000/- मतों से विजय होकर भारतीय जनता पार्टी व सनातन धर्म का झंडा लहराया। सर्व प्रथम महापौर बनते ही सनातन धर्म की शहर अध्यक्ष सनातन धर्म पदाधिकारियों छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक से आशीर्वाद लेकर सनातन धर्म को पूरे छ.ग. में कंधे से कंधा मिलाकर सनातन धर्म को आगे बढ़ाने को कहा तत्पश्चात श्री दिनेश पुरोहित जी के घर में व्यासपीठ का दर्शन प्राप्त कर पंडित विक्रांत दुबे जी के द्वारा मंत्रों उच्चारण से पूजा अर्चना करायी गई। सनातन धर्म दुर्ग शहर अध्यक्ष की भव्य आतिश बाजी के साथ स्वागत किया गया उसके पश्चात सभी सनातन धर्म के पदाधिकारी ने पुष्प माला से स्वागत किया। सनातन धर्म के सभी पदाधिकारियों ने जीत की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। इस शुभ अवसर पर मुख्य रूप से सनातन धर्म के संयोजक राकेश इंद्रभूषण ठाकुर, हरीश गांधी, आनंद महराज जी ,हीरा माहेश्वरी, राजू शर्मा,राकेश महोबिया,प्रदेश अध्यक्ष महिला मौसी शर्मा, मीना पाण्डेय, अनोखी शर्मा, रितिका पाण्डेय, मधु अग्रवाल, व अत्यधिक संख्या में सनातन धर्म के पदाधिकारी उपस्थित हुए। उक्त जानकारी सनातन धर्म के दिनेश पुरोहित ने दी।






### ग्रामीण पंचायतों में काबिज होने झोंकी ताकत मत देने के लिए ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह

**बीजापुर।** ग्रामीण पंचायतो में सत्ता पाने इस बारउम्मीदवारो मे भारी उत्साह. दिख रहा है ग्रामीण मतदाता भी वोट. देने मतदान केंद्रों मे भारी संख्या में पहुंच रहे है इस चुनाव मे ग्रामीण युवा और महिला ये सुबह से ही मतदान केंद्र पहुंच कर कतार मे.लगे है विदित हो त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का समय सुबह 7 बजे से 2 बजे तक निर्धारित है

# मटवाड़ा के सिविक एक्शन प्रोग्राम में खेल व दैनिक उपयोग की सामग्री लोगों को बांटी गई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 17 फरवरी।** 214वीं वाहिनी के.रि.पु.बल दुगौली, कैम्प द्वारा श्री के. डी. जोशी, कमाण्डेन्ट के मागदर्शन में जनकल्याणकारी योजना 2024-25 (सिविक एक्शन प्रोगाम) के तहत रविवार को सी/214 समवाय करैमास्का में फ्री मेडिकल चेकअप हेल्य प्रोग्राम एवं एफ/214 समवाय मटवाड़ा में सिविक एक्शन प्रोगाम का आयोजन किया गाया। सिक्कि एक्शन प्रोगाम 2024-25 के तहत दिनांक-16/02/2025 दिन रविवार को आयोजित कर समवाय के क्षेत्र के युवाओं के लिए तया गरीब किशोरियों युवतियों के लिए खेल एवं दैनिक दिनचर्या की वस्तुओं को ग्रामीणों के बीच में बाटा गया तथा एफ/214 समवाय मटवाडा में बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित दूर दराज ग्रामीण प्रखंडों से आए सैकड़ो गरीब युवाओं/युवतियों का फी मेडिकल हेल्थ चेकअप डॉ0 योत गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी (ओ0जी0) के द्वारा किया गया है एवं स्वस्थ रहने के लिए हेल्य टिप्स भी दिये गये।

मौके पर श्री के.डी. जोशी, कमाण्डेन्ट (21,4 वीं बटालियन सीआरपीएफ) ने कहा कि सीआरपीएफ द्वारा चलाए जा रही जनकल्याण कारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के कमजोर एवं गरीब बच्चों को चुनकर उनके कौशल को विकसित व आत्मनिर्भर करता है और आम जनता को अधिक से अधिक लाभन्वित कर पुलिस और पब्लिक के बीच के रिश्ते को मजबूत करना है । उन्होने कहा कि इससे पहले भी कई ऐसे कल्याणकारी योजनाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। इसके अतंर्गत गरीबों को कपड़े, कंबल, सोलर लालटेन, साईकिल, वाटर टैंक, स्कूल बैग, स्कूल शिक्षण सामग्री, ट्याईयों एवं खेल सामग्री इत्यादि बोटे गए है। खेलकूद सामग्रियों का वितरण करते हुए कई प्रतियोगिताएँ भी आयोजित करवाई जाती रही है। दूरदराज के इलाकों में चिकित्सा शिविर लगाकर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराना गरीबों उनकी दैनिक इस्तेमाल की वस्तुएँ देना छात्र छात्राओं के उपयोग वास्ते स्कूलों में लाईब्रेरी उपलब्ध करवाना इत्यादि 214 बटालियन द्वारा नियमित तौर पर किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत सीआरपीएफ की आम जनता के समक्ष सीधे तौर पर कार्यकम चलाने की योजना है। जिससे समाज के गरीब युवक युवतियों ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित हो सके। श्री के.डी. जोशी, कमाण्डेन्ट ने उद्?घाटन किया एवं गौके पर उपस्थित श्री विवेक कुमार, द्वितीय कमान अधि0, डॉ0 योत गुप्ता, गुख्य चिकित्सा अधिकारी (ओ0जी0), श्री कमल सिंह नेगी, उप कमाण्डेब्ट, श्री प्रहलाद रजक, सहा. कमाण्डेन्ट सी/214, निरीक्षक/जीडी कमल प्रकाश वर्मा एवं स्थानीय गणमान्य अतिथि व ग्रामीण जनता मौजूद रहे।

एक नजर

## कलेक्टर ने 276 कर्मचारियों को किया नोटिस जारी

**बलौदाबाजार, 17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने मतदान दलों के प्रशिक्षण से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले 276 कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। नोटिस प्राप्त होने के 24 घण्टे के अंदर जवाब देना होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान दल में ड्यूटी लगाए गये कर्मचारियों का द्वितीय प्रशिक्षण विकासखंड मुख्यालयों में 13 एवं 14 फ़रवरी 2025 को आयोजित किया गया था।विकासखंड बलौदाबाजार में 15, भाटापारा में 29, सिमगा में 106, कसडोल में 56 एवं विकासखंड पलारी में 70 कर्मचारी प्रशिक्षण से अनुपस्थित थे। जारी आदेश में कहा गया है कि निर्वाचन जैसे संवेदनशील एवं अति महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतना छतीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम एवं छतीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 नियम 17(2)(3) के अनुसार कार्यवाही योग्य है। उक्त कृत्य के लिए क्यों न अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित किया जाय।

## जांच आयोग का कार्यकाल 4 महीने के लिए और बढ़ा

**बलौदाबाजार, 17 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखंड कसडोल के ग्राम महकोनी अमरगुफा में जैतखाम को क्षतिग्रस्त किये जाने की घटना की जांच हेतु गठित जांच आयोग का कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण आयोग के कार्यकाल को 12 जून 2025 तक 4 माह और बढ़ा दिया गया है। इस सम्बन्ध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 15 -16 मई 2024 के मध्य रात्रि को ग्राम महकोनी अमरगुफा में स्थित जैतखाम को क्षतिग्रस्त किये जाने की घटना की जांच हेतु सेवानिवृत्त न्यायाधीश सी. बी. बाजपेयी की अध्यक्षता में एकल सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया गया है। पूर्व में जांच आयोग के कार्यकाल को 12 फ़रवरी 2025 तक बढ़ाया गया था।

## जश्न रिसोर्ट में जीएसटी का छापा दस्तावेज खंगाला टीम ने

**कोरबा , 17 फरवरी।** कोरबा के जश्न रिसोर्ट मे रायपुर और कोरबा की संयुक्त टीम ने सुबह दबिश दी है जीएसटी विभाग को कर चोरी की शिकायत मिली थी, इसके उपरांत विभाग ने संयुक्त टीम बनाकर के जश्न रिजॉर्ट में छापामार कार्रवाई की। दस्तावेजों कि जांच की जा रही है चोरी हुई है या नहीं इसकी पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है।

## मेडिकल दुकान के गल्ले से 9 हजार पार

**रायपुर, 17 फरवरी।** लाखेनगर स्थित मोना मेडिकल स्टोर के गल्ले से अज्ञात चोर ने नकदी 9 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रविकांज बजाज 45 वर्ष गोविंद नगर पंडरी का रहने वाला है। प्रार्थी लाखेनगर में मोना मेडिकल नाम से दवाई दुकान चलाता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान में प्रवेश कर गल्ले में रखे नकदी 9 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 17 फरवरी।** बृजनगर नई बस्ती के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हुसैन खान 36 वर्ष बृजनगर नई बस्ती का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीजे 5965 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पालिका में भाजपा की ऐतिहासिक जीत

# नवनिर्वाचित नपा अध्यक्ष शर्मा का फल व लड्डूओं से तौलकर किया सम्मान

■ कार्यक्रम के दौरान भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा भी रहे मौजूद

## आभार रैली का हुआ जगह-जगह भव्य स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भाटापारा, 17 फरवरी।** नगरीय निकाय चुनाव 2025 में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिली है. चुनावी नतीजे आने के बाद प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पालिका भाटापारा में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने शानदार आभार रैली निकाली. रैली के दौरान पूरे शहर में उत्साह और जश्न का माहौल देखने को मिला. प्रचंड जीत की इस रैली में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा, नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिलाध्यक्ष आनंद यादव, भाजपा के नवनिर्वाचित 24 पार्षद एवं 1 निर्दलीय पार्षद सहित भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ, पदाधिकारी शामिल हुए. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया.

आभार रैली के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों, व्यापारी, सामाजिक संगठनों ने शिवरतन शर्मा, नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा का फल, लड्डू से तौलकर सम्मान किया गया. इस स्वागत समारोह ने जनता और कार्यकर्ताओं में उत्साह भर दिया. लोगों ने इसे भाजपा सरकार की नीतियों और विकास कार्यों का सम्मान बताया. शिवरतन शर्मा ने भाजपा की अभूतपूर्व सफलता पर खुशी जाहिर की.

भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने छत्तीसगढ़ नगर निकाय चुनाव 2025 के परिणामों पर कहा, पूरे छत्तीसगढ़ सहित भाटापारा की जीत के लिए सभी कार्यकर्ताओं और जनता को हम बधाई देते हैं। इसके लिए हम विष्णु देव साय की सरकार को श्रेय देते हैं। जनता ने जो विश्वास किया है उस पर भाजपा की स्थानीय सरकार खरी उतरेगी।

शिवरतन शर्मा ने कहा भाजपा सरकार पर जनता का विश्वास और समर्थन निरंतर बढ़ रहा है. अब हम विकास को और तेज गति देंगे..

नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष ने जनता को दिया धन्यवाद :नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भी जनता के अपार समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि यह जीत जनता की जीत है. यह जनादेश भाजपा की नीतियों और योजनाओं में लोगों के भरोसे का प्रमाण है. भाटापारा का सर्वांगीण विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और हम शहर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे.

भाजपा की जीत का संदेश :भाटापारा में भाजपा की यह ऐतिहासिक जीत दर्शाती है कि जनता ने विकास और स्थिरता के लिए भाजपा को चुना है. सरकार की योजनाएं और नीतियां जमीनी स्तर पर असर दिखा रही हैं. जनता भाजपा सरकार की कार्यशैली से पूर्ण रूप से संतुष्ट नजर आ रही है.

## रायपुर जिला पंचायत चुनाव में बीजेपी की स्थिति मजबूत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 17 फरवरी।** क्षेत्र क्रमांक6ओर7में बीजेपी के अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में जोरदार घमासान चल रहा है वार्ड जिला पंचायत सदस्य क्रमांक 6में बीजेपी समर्थक अनुराधा वर्मा के पक्ष में बलौदा बाजार विधायक कैबिनेट मंत्री टक राम वर्मा तूफानी चुनाव प्रचार में जुटे है नीनवा किरना गांव सहित अनेक गावो में सघन जन सम्पर्क कर चुनाव प्रचार किया और विकास की बात की इस तरह गांव गांव में बीजेपी प्रचार में जुटी है।

उल्लेखनीय रहे मंत्री जी 6क्रमांक के जिला पंचायत सदस्य भी रहे है और सदस्य रहते विधायक मंत्री बने है सभी गावो में विकास के अनेक कार्य करवाए है इस लिए क्रमांक 6में अनुराधा वर्मा के पक्ष में हवा चल पड़ी है जिला पंचायत सदस्य चुना लड़ रही बीजेपी अधिकृत प्रत्याशी अनुराधा वर्मा ग्राम पंचायत तुलसी की सरपंच भी रही है गांव गांव में परिचित ओर सभी से समर्थन की मांग कर रही है। बीजेपी नगरी चुनावों में जीत के बाद बीजेपी जिला पंचायत में कब्जा करने युद्ध स्तर पर चुनाव लड़ रही है: जिला पंचायत सात में बीजेपी प्रत्याशी स्वाति वर्मा और सुमन नायक के बची कड़ा मुकाबला है दोनों प्रत्याशी की जबरदस्त गावो में पकड़ है कारण एक ओर प्रदेश बीजेपी उपाध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा की बेटी पूर्व सरपंच स्वाति वर्मा के बीच कड़ा मुकाबला दिख रहा है। बताया जाता है सात क्रमांक में चुनावी माहौल चरम सीमा में पहुंच गया है सीधी टक्कर होने से मुकाबला कांटे का है। 20फरवरी को मतदान है इस कारण चुनाव प्रचार ओर तेज हो गया है

## ग्राम देवरी में दो दूल्हों ने विवाह के पहले मतदान किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 17 फरवरी।** पहले जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए पहले मतदान फिर विवाह की मिशाल ग्राम देवरी में पंचायत चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग विवाह कार्यक्रम में व्यस्त रहते हुए भी दो वर हेम राम निषाद पिता पुस राम निषाद तथा हेमू राम निषाद पिता पुस राम निषाद ने आज मतदान किया। अपने मत का प्रयोग प्रजातंत्र के लिये किया।

## नियमों का उल्लंघन करने वाले 60 चालकों पर की गई कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 17 फरवरी।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 15.02.2025 को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, नो-पार्किंग में अपने वाहन खडा करने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 36 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 10, 800 समन शुल्क वसूला गया है। नो-पार्किंग में वाहन खडा करने वाले 14 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 4200 समन शुल्क वसूल किया गया है। दिनांक 15.02.2025 को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 60 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 18, 800 समन शुल्क वसूल किया गया है

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सखूती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

## डौंडी नगर पंचायत में भाजपा की मोहन्तिन बनी अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 17 फरवरी।** नगर पंचायत डौंडी में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी मोहन्तिन चौरका ने भाजपा का परचम लहरा दिया. वहीं कांग्रेस प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। मोहन्तिन चौरका ने कहा कि पंचायत के सभी वार्ड मैं सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करती हूँ . कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद देती हूं। जनता ने मुझ पर जो विश्वास दिखाया, उसे पर मैं खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगी। इस ऐतिहासिक जीत में अपने हर उस कार्यकर्ता को धन्यवाद देना चाहती हूं, जिसने मेरे लिए गली गली, मोहल्ला मोहल्ला जाकर काम किया है। डौंडी नगर पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने एकजुटता दिखाई.। अब सभी की मेहनत रंग लाई और इस बार नगर का मिथक तोड़ते हुए भाजपा ने अपना परचम लहराया है. जैसे-जैसे जीत का आंकड़ा सामने आया, भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। भाजपा ने भव्य रैली भी निकाली।

- डौंडी नगर पंचायत चुनाव परिणाम जानिए कैसी रही जीत

पहले ही चरण से500 मतों से मोहन्तिन चौरका ने लीड ली। फिर एक से लेकर 15 वार्ड तक सभी वार्डों मिला कर अध्यक्ष प्रत्याशी अव्वल रहीं।

गौरतलब है की डौंडी नगर सरकार के लिए 11 फरवरी को डौंडी नगर पंचायत में हुए चुनाव का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा के मोहनतीन चौरका विजय हुई है। उन्हें 1831 वोट, निर्दलीय कमलेश्वरी कोरटीया 1384 और कांग्रेस के खेमिनबाई लाटीयां को 1161 वोट मिले । इस चुनाव मे कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही राजनीतिक दृष्टिकोण से कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले डौंडी नगर पंचायत के चुनाव में इस बार कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। उसका मात्र एक पार्षद ही चुनाव जीतने में सफल हुआ हैं। वहीं भाजपा के 8 और निर्दलीय 6 प्रत्याशी चुनाव जीतकर आए हैं। इस चुनाव में आठ लोगों की जमानत भी जप्त हो गई है जिसमें भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय शामिल हैं।

निकाय चुनाव में कई दिग्गजो कि हार हुई वही तीन पुराने पार्षद पुनः जीतकर आए हैं रिटर्निंग ऑफिसर रामकुमार सोनकर के नेतृत्व में शनिवार को सुबह 9 बजे नगर पंचायत डौंडी के सांस्कृतिक भवन में ईवीएम के माध्यम से वोटों की गिनती प्रारंभ हुई और 10 बजे रुझान आने लगा था दोपहर 12 बजे तक स्थिति साफ हो गई और अध्यक्ष पद के साथ 8 पार्षद भाजपा के चुनाव जीतने में सफल हुए हैं रिटर्निंग आफिसर द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार नगर पंचायत डौंडी के चुनाव में वार्ड 1 में भाजपा के अमरिका ठाकुर को 163 वोट मिले कांग्रेस की रामेश्वरी कोठारी को 121, वार्ड 2 से भाजपा के भुनेश्वरी कुंभकार को 246 कांग्रेस के देवलीबाई धनकर को 132 वार्ड 3 में निर्दलीय ममता जैन को 144 भाजपा के बरखा जैन को 117 और कांग्रेस के रंजीता पोटाई को 78 वोट, वार्ड 4 में भाजपा के यदुनंदन देवहारी को 175 कृष्णा कोमा को 81 कांग्रेस के गौतम देवहारी कांग्रेस को 44 , वार्ड 5 में भाजपा के रेखा चौहान को 123 वोट कांग्रेस के समीर धुर्वे को 108,,वार्ड 6 भाजपा के प्रशांत नेताम को 160 कांग्रेस के छगन लेनेपांडे को 129,वार्ड 7 भाजपा के संजीव कुमार मानकर को 111 कांग्रेस के कमलेश कामडे को 55 निर्दलीय संतोष डेविड को 44, मेहुल लटिया को 15, वार्ड 10 निर्दलीय किरण बंजारे 276 कांग्रेस के पूजा बघेल को 77 भाजपा के सावित्री गोयल को ,54 वार्ड वार्ड 11 के में निर्दलीय सुशील कुमार अमला को 145 भाजपा के मदन ठाकुर को 136, वार्ड 12 कांग्रेस के सौरभ कुमार को 159 भाजपा के निलेश जायसवाल को 106 निर्दलीय सोनाली वाल्मीकि को 13 वीरेंद्र कुमार जैन को 9,,वार्ड 13 भाजपा के हितेंद्र कुमार धनकर को 123 कांग्रेस के सुनील राठौर को 118 वार्ड 14 भाजपा के अनिल निर्मल को 165 कांग्रेस के बलिराम धनकर को 112 निर्दलीय जीरखु राम मालेकर को 38,,वार्ड 15 निर्दलीय अनिल कुमेटी को 165 भाजपा के मुकेश कुमार को 12 कांग्रेस के देव कुमार लाटिया को 7 वोट मिले इस प्रकार नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस से गौतम देवहारी निर्दलीय मेहुल लटिया, सावित्री गोयल, बीरेंद्र जैन, सोनाली वाल्मीकि, जिरखुराम मालेकर, भूपेंद्र कुमार कांग्रेस के देव कुमार लाटिया की जमानत जप्त हो गई है।

भाजपा के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, वरिष्ठ नेता यशवंत जैन नगर पंहुच कर जीते प्रत्याशियों को शुभकामनायें दी। वहीं कुछ वोटो के अंतर से पीछे रहे प्रत्याशी का मनोबल बढ़ाते हार के कारण की समीक्षा करने की बात कही। डौंडी निकाय चुनाव के संयोजक दिनेश अग्रवाल जिला प्रतिनिधि मनीष झा, मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक, अजय चौहान, राम नारायण धनकर, राजेन्द्र नाहर, विशाल जैन, रुपेश ढेलड़िया, विनय जायसवाल, लाल चंद जैन, मातरम दास कोसरे, शिवम दुबे, निखिल अग्रवाल, अभिषेक भारद्वाज, रजनी जायसवाल, राधिका भारद्वाज सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपाइयो ने खुशिया मना कर नगर वाशियों का आभार माना।0

## हादसे में मृत दर्री के श्रद्धालुओं को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**कोरबा, 17 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोरबा जिले के दर्री से महाकुम्भ में गंगा स्नान के लिए जाते समय हुए हादसे में अपनी जान गंवाने वाले 10 श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित की है और उनके परिजनों को संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के दर्री थाना क्षेत्र से प्रयागराज में महाकुंभ के अवसर पर गंगा स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो की बस से टक्कर हो गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। 19 घायल हैं। सभी मृतक कोरबा जिले के बताए जा रहे हैं। बताया गया कि कोरबा जिले से श्रद्धालु संगम स्नान करने के लिए जा रहे थे कि प्रयागराज -मिर्जापुर हाईवे पर मेजा इलाके में पिछली रात करीब 2.30 बजे यह हादसा हुआ। सभी मृतक बोलेरो में सवार थे, जबकि बस सवार यात्री घायल हुए हैं। बस प्रयागराज से मध्य प्रदेश लौट रही थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बोलेरो सवार श्रद्धालु छिटककर सड़क पर जा गिरे। किसी का हाथ टूटा तो किसी का सिर फट गया। कई लोग बोलेरो में ही फंस गए। शवों को बोलेरो से निकालने में ढाई घंटे का समय लगा।

दर्री थाना के उप निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि घटना की जानकारी दर्री पुलिस को मिली है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन में 10 लोग प्रयागराज गए थे। एक मृतक ईश्वरी जायसवाल के परिजन सुनील सोनी ने तीर्थ यात्रियों में से 8 लोगों का नाम बताया है, जी निम्न है- मृतकों में पिता पुत्र संतोष सोनी 54, सौरभ सोनी 26, भागीरथी जायसवाल 47, राजू साहू 38, शिवा राजपूत 62, गंगा वर्मा 53, दीपक वर्मा 28 सभी कलमी डुग्गू बस्ती दर्री, ईश्वरी जायसवाल 45 श्यामनगर, सोमनाथ यादव 27 प्रगति नगर, दर्री और एक अन्य जय भगवान गली दर्री निवासी बताए गए हैं। दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो वाहन संतोष सोनी का बताया गया है। दुर्घटना की खबर मिलने के बाद दर्री क्षेत्र में मातम का माहौल है। दर्री पुलिस मृतकों के परिजनों से सम्पर्क में है और मृतकों के शव दर्री मंगाने के प्रयास शुरू हो गए हैं।

### नगर पालिक निगम कोरबा में भाजपा की संजूदेवी राजपूत के सिर सजा महापौर का ताज

## जिले के 6 नगरीय निकायों में 5 पर भाजपा का कब्जा

**कोरबा , 16 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के नगर पालिक निगम कोरबा में भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पार्टी को करारी मात देते हुए महापौर पद पर जीत हासिल कर ली। भाजपा ने 67 वार्ड में से 52 वार्ड में पार्षद पद पर कब्जा कर लिया है, जबकि एक भाजपा पार्षद पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुका है। कांग्रेस को केवल 7 वार्ड में सफलता मिली है और 7 वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे हैं।



नगर पालिक निगम कोरबा के महापौर पद के लिए भाजपा की संजूदेवी राजपूत और कांग्रेस की श्रीमती उषा तिवारी के बीच सीधा मुकाबला था। संजूदेवी राजपूत ने 93255 मत हासिल किया, जबकि श्रीमती उषा तिवारी को 45222 वोट पर संतोष करना पड़ा। इस तरह भाजपा की संजूदेवी राजपूत 48033 मतों से महापौर निर्वाचित घोषित की गई। नगर निगम के 67 वार्ड के चुनाव में भी भाजपा को बड़ी सफलता मिली है। पूर्व में एक निर्विरोध निर्वाचित पार्षद सहित भाजपा के कुल 53 पार्षद चुने गए हैं। कांग्रेस के महज 7 पार्षद चुनाव जीतने में सफल रहे, जबकि 7 वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशियों के सिर पर विजय का सेहरा बंधा है। कोरबा जिले में नगर निगम कोरबा सहित कुल 6 स्थानीय संस्थाएं हैं। इनमें जिले के सबसे पुराने नगर पालिका परिषद कटघोरा में कांग्रेस ने अपनी जीत बरकरार रखी। नगर पालिका परिषद दीपका, नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा, नगर पंचायत छुरी और नगर पंचायत पाली में भारतीय जनता पार्टी ने जीत का परचम लहराया है।

भाजपा की कोरबा सहित पूरे छत्तीसगढ़ में हुई बम्फर जीत पर प्रदेश के उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने प्रतिक्रिया व्यक्त करता हुए कहा कि यह भाजपा के सुशासन और विकास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा को कोरबा वासियों ने एकतरफा आशीर्वाद दिया है, इसके लिए सबको धन्यवाद। उन्होंने मोदी की गारंटी पर, विष्णुदेव साय पर विश्वास किया, जो हम एक साल में क्षेत्र में विकास किया उसपर विश्वास किया। निरन्तर हमारी ताकत बढ़ी है। कोरबा का जो विकास रुक है उसे बढ़ाने का पूरा प्रयास करेंगे। सरकार की जो भी योजना उसे जनमानस में पहुंचाने का काम करेंगे।

श्रम मंत्री ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि- कांग्रेस के 10 साल में कोरबा नगर निगम को 15 साल पीछे धकेल दिया गया और कांग्रेस का जो भ्रष्टाचार था, 5 साल उनकी सरकार थी, उन्होंने जो भ्रष्टाचार का खेल खेला उसको छत्तीसगढ़ की जनता भली भांति समझ गई है। कांग्रेस धीरे धीरे समापन की ओर है।

## वार्ड-26 में अब्दुल रहमान की हैट्रिक

**कोरबा, 17 फरवरी।** नगर पालिक कोरबा के वार्ड क्रमांक 26 पं. रविशंकर शुक्ल नगर की जनता ने लगातार तीसरी बार अब्दुल रहमान पर भरोसा जताया है। जनादेश ने यह बता दिया है कि मतदाता के लिए प्रत्याशी की छवि और उसके कामकाज ज्यादा मायने रखते हैं जो कि अब्दुल रहमान अपने वार्ड में जनता की उम्मीद और अपेक्षाओं पर खरे उतरते आए हैं इसलिए उन्हें तीसरी बार भी जनता ने सिर-आंखों पर बिठाया है। वार्ड 26 से अब्दुल रहमान एक ऐसे प्रत्याशी हैं जिन्होंने तीन चुनाव लड़ा और तीनों बार उन्होंने निर्दलीय ही चुनाव लड़कर दलीय प्रत्याशियों को परास्त किया है। जीत की हैट्रिक लगाने के बाद वार्ड की जनता ने उनका भव्य स्वागत किया। कुमारी पटेल ने भी साथियों के साथ उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। अब्दुल रहमान को बधाई देने वालों का सिलसिला चलता रहा। रंग-गुलाल लगाकर समर्थकों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए एवं मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।वर्ष 2014, 2019 में उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीता। 2024 के विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की और 2025 के नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा से पार्षद के टिकट की दावेदारी की थी किंतु टिकट न मिलने पर उन्होंने फिर से अपने वार्ड की जनता के आशीर्वाद पर विश्वास करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बनाया। आखिरकार जनता ने उन्हें एक बार फिर अपना नेतृत्वकर्ता चुन लिया। वार्ड 26 का परिणाम यह बताने के लिए पर्याप्त है कि पार्टी नहीं बल्कि व्यक्ति और व्यक्तित्व भी मतदाताओं के लिए मायने रखते हैं। जनता ने अब्दुल रहमान को जिताकर यह स्पष्ट कर दिया कि स्थानीय बनाम बाहरी का मुद्दा केवल राजनीति नहीं, बल्कि अपने नेता के साथ जुड़ी भावनाओं और विश्वास का सवाल है।अब्दुल रहमान ने भाजपा प्रत्याशी अजय विश्वकर्मा को 418 वोटों से हराकर यह साबित कर दिया कि जब किसी नेता की मेहनत और निष्ठा जनता के बीच सच्चे दिल से काम करती है, तो उसका फल हमेशा मीठा होता है।

## मालती किन्नर ने दिखाया 10 का दम, जनता के प्रति किया आभार व्यक्त

**कोरबा, 17 फरवरी।** नगरीय निकाय चुनाव में कोरबा नगर निगम का महापौर बनने के लिए दलीय प्रत्याशियों के साथ-साथ जहां निर्दलीयों ने भी अपनी किस्मत आजमाई वहीं थर्ड जेण्डर दिनेश मालती किन्नर ने भी महापौर का चुनाव दमदारी से लड़ा। उन्होंने इस मुकाबले में खुद को अपनी मेहनत के बूते तीसरे स्थान पर लाकर खड़ा किया है। चुनाव में पड़े कुल विधिमान्य 1 लाख 64 हजार 699 मतों की गिनती की गई जिसमें 10109 वोट मालतीकिन्नर को मिले हैं। कांग्रेस से पार्षद का चुनाव लड़ने की उन्होंने इच्छा संगठन से जाहिर की थी लेकिन टिकट नहीं मिली तो महापौर का निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बना लिया। ऑटो छाप चुनाव चिन्ह साथ लेकर उन्होंने निगम क्षेत्र में, सभी वार्डों में अपना प्रचार-प्रसार किया।

## एक नजर

### विधानसभा बजट सत्र 24 से, पक्ष-विपक्ष ने लगाए 1 हजार से ज्यादा सवाल



**रायपुर, 17 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होगी। इस दौरान बजट सत्र में 17 बैठकें होगी। सत्र के दौरान सरकार वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेगी। इसके लिए विधायकों ने सवाल लगाना शुरू कर दिया है। सत्तापक्ष और विपक्ष के विधायकों ने 1 हजार 862 सवाल लगाए हैं। अधितम विधायकों ने ऑनलाइन सवाल लगाए हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के लिए 943 तारांकित, 871 आतंकित सवाल लगाए गए हैं। विधानसभा का बजट सत्र हंगामों से भरा रहेगा सत्र के दौरान राज्यपाल रमेन डेका का अभिभाषण होगा।वहीं 21 मार्च को विधानसभा का बजट सत्र खत्म होगा।

### 6 बदमाश बाइक चोरी कर ले भागे

**रायपुर, 17 फरवरी।** दो बाइको में सवार अज्ञात 6 लड़कों ने एक युवक की बाइक चोरी कर ले गए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रविशंकर पटेल 27 वर्ष चंगोराभाठा करण नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह कमल विहार सेक्टर 2 के पास अपनी होण्डा साइन बाइक क्रमांक सीजी 04 एलवी 6971 को सड़क किनारे खड़ी कर बाथरूम करने गया, तभी दो बाइकों में सवार अज्ञात 6 लड़कों ने प्रार्थी की बाइक को चोरी कर ले गए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### निधन

### रूद्रा देवी श्रीवास्तव

**रायपुर, 17 फरवरी।** श्रीनगर रायपुर निवासी



श्रीमती रूद्रा देवी का 16 फरवरी को निधन हो गया। वे अनिल श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव व सुधीर श्रीवास्तव की माता थीं। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास श्रीनगर गुढ़ियारी से खमतराई मुक्ति धाम के लिए निकली, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# ग्रामीण सरकार बनाने रायपुर जिले में भारी उत्साह

## धनेन्द्र साहू के पुत्र यशवंत साहू की प्रतिष्ठा दांव पर

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 17 फरवरी।** राज्य में ग्रामीण सरकार गठित करने के लिए मतदाताओं में उत्साह देखा गया। कुल 53 ब्लॉक में 31875 प्रतिनिधि चुनने के लिए आज सुबह से मतदान शुरू हो गया है। बस्तर संभाग में भी ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया। रायपुर जिले के अभनपुर एवं आरंग ब्लॉक में हुए चुनाव में कई पूर्व एवं वर्तमान विधायकों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है।

रायपुर जिले के अभनपुर के अंतर्गत 190 पंचायतें आती है। पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू के पुत्र यशवंत साहू चुनाव मैदान में हैं। धनेन्द्र साहू ने बताया कि यहां पर एक मतदाता को चार वोट डालना पड़ता है। पहला पंच, दूसरा सरपंच, तीसरा जनपद सदस्य और चौथा जिला जनपद सदस्य के के लिए। अभनपुर के अंतर्गत आरंग ब्लाक में 10 गांव आते हैं। यहां पर पूर्व जिला जनपद अध्यक्ष गरियाबंद श्वेता शर्मा के पति संजय शर्मा कबीर चुनाव लड़ रहे हैं। जनपद अध्यक्ष के लिए विधायक खुशवंत साहब का भाई चुनाव मैदान में उतरा है जिसके कारण यह चुनाव काफी संघर्षपूर्ण हो गया है। अभनपुर से रानी पटेल भी अपनी किस्मत आजमा रही है। खरोरा क्रमांक 5 से राजू शर्मा और कांग्रेस के सुरेन्द्र वर्मा के बीच सीधा मुकाबला है। वर्तमान में सिर्फ रायपुर जिले के अभनपुर ब्लॉक में ही चुनाव हो रहे हैं। आज मध्यान्ह 3 बजे तक मतदान होगा। इसके पश्चात मतों की गणना शुरू हो जाएगी। रायपुर से लगे महासमुंद जिले में भी आज पंचायत चुनाव हो रहे हैं। यहां पर कई सीट आरक्षित है। सभी विधायक यहां पर चुनाव अपने-अपने समर्थकों को लड़ा रहे हैं। विधायकों के अनुसार यहां पर 500 से अधिक पंचायतों में चुनाव हो रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के अनुसार शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए अधिकारी दौरा कर चुके हैं। आज दोपहर तक 50 प्रतिशत से अधिक मतदान होने की खबर है। दूसरे चरण के चुनाव की तैयारियां भी तेज हो गई है। भाटापारा-बलौदाबाजार जिले के अंतर्गत भाटापारा में चुनाव हो रहे हैं। वहीं चांपा जांजगीर जिले में सक्ती, अकलतरा में भी चुनाव को लेकर उत्साह है। रायपुर जिले के धरसींवा, आरंग ब्लॉक में अलग-अलग तिथियों में मतदान होगा। जिला जनपद सदस्यों की संख्या 16 है।

## अशोक बजाज ने अपने गृह ग्राम खोला में किया मतदान



**रायपुर, 17 फरवरी।** जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव में आज अभनपुर जनपद के अंतर्गत अपने गृह ग्राम खोला के बूथ क्रमांक 239 में मताधिकार का उपयोग किया। उन्होंने कहा कि गांव की सरकार बनाने के लिए जनता में काफी उत्साह है।

# रायपुर में पेयजल आपूर्ति और सफाई व्यवस्था कायम करना होगी सर्वोच्च प्राथमिकता : मीनल चौबे



**रायपुर, 16 फरवरी।** नगर निगम चुनाव में अब तक का रिकार्ड तोड़ते हुए सर्वाधिक मतों लगभग डेढ़ लाख से भी अधिक मतों से जीतने वाली महापौर मीनल चौबे ने अनौपचारिक चर्चा के दौरान बताया कि रायपुर शहर को पेयजल आपूर्ति एवं सफाई व्यवस्था कायम कर सुंदर राजधानी बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। 15 साल के कांग्रेस के कुशासन के बाद नगर निगम में महापौर बनी मीनल चौबे से शहर की जनता को काफी आशाएं है उन्होंने कहा कि यह जीत भाजपा कार्यकर्ताओं की है। वरिष्ठ नेताओं की मार्गदर्शन में रणनीति बनाकर चुनाव लड़ने से ही उन्हें बड़े भारी मतों से जीत मिली है। उन्होंने कहा कि प्रथम नागरिक बनते ही लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना एवं प्रतिदिन आम लोगों से मिलकर उनकी समस्या सुलझाने पर उनका फोकस रहेगा। शुभ मुहूर्त देखकर वे महापौर पद का पदभार एवं कार्यभार ग्रहण करेंगी। प्रथम दिन ही कामकाज की समीक्षा के साथ लंबित मामलों पर उनकी चर्चा अधिकारियों से होगी। उसके बाद योजना बनाकर एक एक कर सभी समस्या का समाधान किया जाएगा। रायपुर को सफाई व्यवस्था के मामले में टाप टेन पर लाने के लिए जोनवार जिम्मेदारी तय करूंगी। निर्माण कार्य जो लंबित है उसे शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। वार्ड पार्षदों के साथ मिलकर वहां व्याप्त समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने दिव्यांग के सामूहिक विवाह समारोह में नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद



रायपुर,17 फरवरी (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के द्वारा आयोजित दिव्यांगजन सामूहिक विवाह समारोह में 31 दिव्यांग जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों के सुखी वैवाहिक जीवन की मंगलकामना करते हुए कहा कि यह आयोजन सामाजिक समरसता और दिव्यांगजनों के उत्थान का उत्कृष्ट उदाहरण है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। यह आयोजन भी देवतुल्य दिव्यांगजनों की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने परिषद द्वारा विगत अनेक वर्षों से इस आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित करने की सराहना की और इसे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाली पहल बताया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिव्यांगजनों के सामूहिक विवाह आयोजन को समाज में समावेशिता और समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि यह सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल 31 नवविवाहित दिव्यांग जोड़ों के लिए नई शुरुआत का प्रतीक है, बल्कि यह समाज को दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की प्रेरणा भी देता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना चलाई जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को 50,000 रुपये की सहायता दी जाती है। यदि पति-पत्नी दोनों दिव्यांग हैं, तो दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत उन्हें एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के कमजोर वर्गों, विशेष रूप से दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

**महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की लगभग 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। अब तक इस योजना की 12 किश्तें जारी की जा चुकी हैं, जिससे प्रदेश की माताओं और बहनों को आर्थिक संबल मिला है। उन्होंने कहा कि बेटियां समाज का आधार स्तंभ हैं। वे न केवल परिवार को जोड़ती हैं, बल्कि संस्कारों की वाहक भी होती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना ने एक दशक पूरा कर लिया है, जिससे बालिकाओं के सशक्तिकरण में अभूतपूर्व सफलता मिली है।

**सामूहिक विवाह- सामाजिक समरसता की मिसाल:** मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सामूहिक विवाह अब सामाजिक परंपरा का हिस्सा बन गए हैं और इससे समाज में जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने इस आयोजन में कान्य कुब्ज ब्राह्मण समाज, मारवाड़ी युवा मंच, सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम जैसी विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के योगदान की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकजुटता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं।

# बजट प्रस्ताव पर मंत्री स्तरीय चर्चा

## मंत्री केदार कश्यप के विभागों के बजट पर हुई चर्चा



**रायपुर, 17 फरवरी।** वर्ष 2025-26 के मुख्य बजट एवं नवीन मद प्रस्ताव पर मंत्री स्तरीय चर्चा में मंत्री केदार कश्यप के विभागों के बजट प्रस्ताव पर व्यापक चर्चा हुई।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के साथ विभागीय बजट प्रस्त

बजट चर्चा में अपर मुख्य सचिव द्वय श्रीमती ऋर्चा शर्मा एवं सुब्रत साहू, वित्त विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल, सहकारिता विभाग के सचिव सी.आर. प्रसन्ना, जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो, कौशल विकास सचिव एस.भारतीदासन सहित वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता सहित अन्य विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

### कुंभ में डुबकी लगाने से कांग्रेस के पाप धुल जायेंगे : मूणत

**रायपुर, 17 फरवरी।** भाजपा के वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत ने कांग्रेस पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस को महाकुंभ में डुबकी लगाने की जरुरत है। उनके सारे पाप धुल जाएंगे। केंद्र से मिले पैसों को कांग्रेस ने बंदरबांट किया इसलिए जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह से नकार दिया है। कांग्रेस के पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के बयान पर विधायक राजेश मूणत ने पलटवार किया है। मूणत ने कहा कि, कांग्रेस का विश्वास टूटा है, तीन चुनाव में कांग्रेस को हार मिली है। कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है। मोदी की गारंटी और विष्णु देव साय के विश्वास ने जो कहा वह करके दिखाया है। बीजेपी ने जनता से किया कमिटमेंट को पूरा किया है। शहरी सेक्टर की जनता से किया गया हर वादा पूरा किया जाएगा। आगे मूणत ने कहा कि, जनता ने जिस तरह अपना स्नेह दिखाया, उनका विकास निश्चित होगा।

# रेडक्रास, स्काउट ने मतदान के लिए किया सहयोग



**रायपुर, 17 फरवरी।** मगरलोड शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा में मतदान दिवस पंचायत चुनाव में रेडक्रॉस स्काउट ने मतदाता मित्र के रूप में सहभागिता प्रदान की। रेड क्रॉस काउंसलर अवध राम साहू के मार्गदर्शन में मतदाता मित्र बनकर लोगों की सेवा किया द्य जिसमें व्हील चेयर के माध्यम से मतदान केंद्र तक पहुंचाने का कार्य कियाद्य मगरलोड विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के विभिन्न मतदान केन्द्रों मतदाता मित्र के रूप में सहयोग प्रदान किया द्य और मतदान के इस महापर्व पर रेडक्रास का नारा है सेवा धर्म हमारा है के तर्ज पर मतदाताओं की सेवा कर अपनी कर्तव्य का निर्वहन किया द्य जिसमें शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेघा मगरलोड के रेडक्रास स्काउट वालिंटियर गायत्री वंदना कमलेश्वरी दिशा गीतेश एमन हरिनारायण संगीता साहू संगीता बंजारे पुष्प लता चंचल मंजू नमिता चेतना दुर्गेश्वरी डागेश्वरी चुन्नी ज्योति धनेश्वरी मनीषा शशिकला ने सहयोग प्रदान किया।

# वार्ड-59 में भाजपा प्रत्याशी अंजली गोलछा की ऐतिहासिक जीत

## कांग्रेस का 20 वर्षों का किला ढहा

**रायपुर, 17 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज की है। राजधानी रायपुर के मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्र. 59 में भाजपा प्रत्याशी अंजली जितेंद्र गोलछा ने कांग्रेस के 20 वर्षों के वर्चस्व को समाप्त कर दिया। उन्होंने कांग्रेस की प्रत्याशी कविता अमित दास को 2670 वोटों के बड़े अंतर से हराया।

इस चुनाव में अंजली जितेंद्र गोलछा को कुल 5398 मत प्राप्त हुए, जबकि कांग्रेस की कविता अमित दास को 2727 मतों से संतोष करना पड़ा। यह जीत भाजपा के लिए ऐतिहासिक साबित हुई, क्योंकि इस वार्ड पर कांग्रेस के सुमीत दास और अमित दास का लगातार 20 वर्षों से कब्जा था।

भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र गोलछा ने इस जीत को जनता का जनमत बताया। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों से कांग्रेस के पार्षदों ने आम जनता की उपेक्षा की और उनके विकास कार्यों में रुचि नहीं ली। वार्ड में भ्रष्टाचार, अवैध निर्माण, नशे का कारोबार, सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों को संरक्षण मिला। जनता इन मुद्दों से परेशान थी और उन्होंने बदलाव का संकल्प लिया।

पिछले वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, राशन कार्ड, मजदूर कार्ड जैसी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंचा। योजनाओं का लाभ सिर्फ चहेतों को दिया गया, जिससे आम जनता में आक्रोश था। इस बार के चुनाव में जनता ने कांग्रेस को सबक सिखाने का निर्णय लिया और भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

श्रीमती अंजली गोलछा शिक्षित और संस्कारित पृष्ठभूमि से आती हैं। उन्होंने वार्ड के विकास के लिए कई योजनाओं की घोषणा की है। जितेंद्र गोलछा ने कहा कि अब वार्ड में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर किया जाएगा और इसे राजधानी रायपुर के अनुरूप विकसित किया जाएगा।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26